* ओड़िशा संस्करण
25 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 65
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

# क्रिसमस में खुशियां बांटें : हेमंत

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। जीइएल चर्च के बिशप सीमन तिर्की ने सीएम को क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि क्रिसमस एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है। यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द्र और एक-दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। समस्त राज्यवासियों को क्रिसमस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप, जीइएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, कोषाध्यक्ष-सह-वित्त सचिव (जीइएल चर्च) अटल खेस, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद लकड़ा, महासचिव विकास तिर्की, गोविंद टोप्पो और अनिल उरांव उपस्थित थे।



# सीएम हेमंत का इडी से बचना कठिन : जफर इस्लाम

- कई अफसर गये जेल कई और भी जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम के मुताबिक झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ करप्शन से जुड़े कई पुख्ता प्रमाण इडी के पास हैं। चूंकि सीएम को पता है कि वह भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उनके पास बचाव का कोई रास्ता नहीं है। अंततः उन्हें जेल जाना ही होगा। इसी आशंका में वह इडी के पास छह-छह समन के बावजूद नहीं गये हैं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने किसी अधिकारी का नाम लिये बगैर कहा कि कुछ अधिकारी अपनी करतूत से यहां जेल तक जा चुके हैं। कई और अधिकारी भी ऐसे हैं, जिन्हें लगता है कि वे आजीवन वर्तमान सीएम के संरक्षण में सुरक्षित रहेंगे। साथ ही इस आधार पर वे करप्शन में भी लिप्त हैं, पर यह भी तय है कि वे जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। उनके खिलाफ रिकॉर्ड जांच एजेंसियों के पास हैं। अंततः उन्हें भी जेल जाना होगा। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

**झारखंड को केंद्र का पूरा सहयोग** : कहा कि केंद्र पूरा सहयोग राज्य को करता है। सरकार इडी प्रकरण से बचने को और सबका ध्यान हटाने को ऐसा कह रही है।




## लूट का पैसा जा रहा दिल्ली

कहा कि घमंडिया गठबंधन की जहां-जहां सरकारें हैं, वहां वहां लूट है। करप्शन है। सभी जगहों से जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा लूट कर दिल्ली भेजा जा रहा है। खासकर जहां भी कांग्रेस की सरकार है या वह राज्य सरकार के साथ गठबंधन में शामिल है। झारखंड में सांसद धीरज साहू के यहां जो 500 करोड़ रुपये से अधिक बरामद हुए, उसे गिनने में दो सप्ताह लग गये। देश के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं देखा गया।

## भाजपा पर जनता जता रही भरोसा

जफर इस्लाम के मुताबिक पिछले दिनों तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में हुए चुनाव में जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया। इनमें से दो राज्य में कांग्रेस की सरकार थी और जनता करप्शन के चलते त्राहि-त्राहि कर रही थी। झारखंड में भी हेमंत सरकार माइंस, जमीन, बालू वगैरह की लूट में शामिल है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है।

## न केजरीवाल बचेंगे, न ही तेजस्वी

एक सवाल के जवाब में जफर ने कहा कि चाहे वह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल हों या बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, सभी पर इडी की नजर है। उन्हें आखिरकार इडी के पास जाना ही होगा। अरविंद केजरीवाल तो शराब घोटाले के मुखिया हैं। उनके मंत्री जेल में हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को भी जेल जाना ही होगा। झारखंड के सीएम भी ज्यादा दिनों तक नहीं बचेंगे। जांच एजेंसी सीएम पद की गरिमा का भी ख्याल करते आगे बढ़ रही है। हेमंत सोरेन इडी से डरे होने के चलते ही उसके पास जाकर अपनी बात नहीं रख रहे हैं।

### उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में हुंकार

# धर्मांतरित को एसटी का दर्जा नहीं लेने देंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली में वक्ताओं ने कहा कि दूसरे धर्म को अपनानेवालों को एसटी का लाभ किसी हाल में नहीं मिलना चाहिए। जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से मोरहाबादी मैदान में रविवार को कहा गया कि जिसने इसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है, उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले।

राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहा कि देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकास और उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था। इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी प्रथा छोड़ कर इसाई या मुस्लिम बन गये हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं। राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से मांग है कि इस मुद्दे को कार्तिक उरांव ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था, ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदि मत और विश्वासों का परित्याग कर दिया है और इसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है, उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा। पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह ने कहा कि जब मुस्लिम या इसाई बनने पर अनुसूचित जाति की पहचान मिट जा रही है, तो इसाई या मुस्लिम धर्म में जाने पर आदिवासी की पहचान मिट जाती है।

**आरक्षित सीट पर धर्मांतरित को टिकट नहीं दें** : रैली में पद्म भूषण कड़िया मुंडा, जगलाल पाहन, संदीप उरांव, ललिता मुर्मू, जगरनाथ भगत, सन्नी उरांव, आरती कुजूर, रोशनी खलखो, देवव्रत पाहन, मनोज लियांगी, हिंदुवा उरांव, अंजली लकड़ा, राजू उरांव, सोमा उरांव ने कहा कि राजनीतिक दल अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीट पर धर्मांतरित को टिकट नहीं दें।




## एसटी का लाभ ले रहे धर्मांतरित लोग: सत्येंद्र

जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केंद्रीय टोली सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार ने कहा कि डिलिस्टिंग, डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना है। धर्मांतरित इसाई 75 वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार ले रहे हैं। इसाई तो अल्पसंख्यक हैं। धर्मांतरित इसाई जनजाति आरक्षण की सूची में कभी नहीं रहे हैं।

## मिशनरियों ने लड़ाने का काम किया: मेघा

अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा कि धर्मांतरित लोग डिलिस्टिंग के डर से आदिवासियों की परंपरा की बात करने लगे हैं। कहते हैं कि हम एक ही माता-पिता के दो संतान हैं। हमने धर्म बदला है पर जाति नहीं। लेकिन मरियम को आदिवासी महिला के रंग रूप, वेशभूषा में मूर्ति बनाकर कर विवाद किसने खड़ा किया। ये लड़वाने का काम हम नहीं, बल्कि चर्च मिशनरियों द्वारा हो रहा है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,800 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लें



बाबूलाल मरांडी

> अटल बिहारी वाजपेयी जी सर्वसम्मति और व्यावहारिकता के व्यक्ति थे, जिन्होंने 2000 में शांतिपूर्ण तरीके से तीन नये राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड का गठन संभव बनाया। 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा, मंत्रिपरिषद के आकार को निश्चित कर दिया गया। इसके अनुसार केंद्रीय मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। जिसमें होने वाले अनावश्यक खर्च को जनहित के कार्यों में उपयोग किया जाने लगा। 21वीं सदी की शुरुआत में वाजपेयी जी ने कई महत्वपूर्ण पहल करके सुशासन की बात कही।

*प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितं।*
*नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितं।।*


सुशासन भारतीय प्राचीन संस्कृति और लोकाचार की विरासत है। उपर्युक्त श्लोक चाणक्य के अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण, अध्याय 18 से लिया गया है, जिसका तात्पर्य है 'प्रजा के सुख में राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित दिखना चाहिए। जो स्वयं को प्रिय लगे उसमें राजा का हित नहीं है, उसका हित तो प्रजा को जो प्रिय लगे उसमें है।'

प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में ' लोकतांत्रिक मूल्य-सुशासन' विरासत में मिले ज्ञान हैं, जो बेहतर शासन को सक्षम बनाते हैं, जिसमें बौद्ध धर्म के गण संघ, भगवान बसवेश्वर द्वारा स्थापित 11वीं शताब्दी के अनुभव मंडप, सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान नागरिक योजना, मौर्य सम्राट अशोक के अभिलेख शामिल हैं।

स्वतंत्रता के बाद, संविधान सभा की बहसों और योजना आयोग जैसे संस्थानों द्वारा तैयार किये गये नीति पत्रों में शामिल होने के बावजूद 'सुशासन' केवल चर्चाओं में शासन सुधारों का केंद्र बिंदु मात्र रहा। कांग्रेसी शासन में सुशासन संबंधी ये विचार खराब कार्यान्वयन रिकॉर्ड के साथ कागज पर ही रह गये। वक्त बदला, सरकार बदली, नेतृत्व बदला और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री बनते ही कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की वजह से स्थिति बदल गयी और शासन में सुधार के प्रयास जनता के जीवन में प्रतिबिंबित होने लगे।

स्वतंत्र भारत में प्रचलित उत्कृष्ट शासन उपायों को संस्थागत बनाने में अटल जी की उल्लेखनीय भूमिका पर प्रकाश डालना अनिवार्य है। अटल बिहारी वाजपेयी जी का संसद में लंबा कार्यकाल रहा- उन्होंने लोकसभा सांसद के रूप में 10 बार और राज्यसभा सांसद के रूप में दो बार कार्य किया। उन्होंने इस मंच का उपयोग हमेशा सुशासन पर अपनी अटल कल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन के लिए किया। विपक्ष के सदस्य के रूप में, उनके तर्कपूर्ण वाद और रचनात्मक आलोचना में बहुत गंभीरता थी। उन्होंने एक जनकल्याण-केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण को हमेशा प्राथमिकता दी तथा प्रेरित किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, क्रियान्वित जन-केंद्रित पहल भारत की परिवर्तनकारी यात्रा में मील का पत्थर बन गयीं।

' किसान क्रेडिट कार्ड', कृषि क्षेत्र में सुधार हेतु 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किसानों को सशक्त बनाने हेतु एक क्रांतिकारी कदम उठाया। जिसने किसानों को फसल उत्पादन के लिए ऋण प्राप्त करने, बुआई से लेकर कटाई और मार्केटिंग तक में उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के तरीके को सरल बना दिया। वहीं,' प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना', जिसकी शुरुआत 2000 में हुई, जिसका उद्देश्य गांवों में कच्ची सड़कों की जगह पक्की सड़कों का निर्माण करना था, जिससे गांवों में रोड कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिला तथा गांवों को शहरों से जोड़ा गया। ' स्वर्णिम चतुर्भुज योजना' 2001, स्वतंत्र भारत के रोडवेज क्षेत्र में बुनियादी ढांचा में सुधार का सबसे बड़ा प्रयास था, जिसके तहत उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम के राज्यों को आपस में जोड़ा गया। 5846 किमी की सड़कों का निर्माण कर, चार महानगर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को लोगों की कुशल आवाजाही के लिए जोड़ा गया। ' सर्व शिक्षा अभियान', जिसकी शुरुआत 2001 में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की गयी। अर्ध-न्यायिक केंद्रीय विद्युत नियामक



> अटल जी के लक्ष्यों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने इन उपायों की गति और पैमाने को और अधिक बढ़ाया। डीबीटी और जेएएम जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों ने संस्थानों में लोगों का विश्वास मजबूत किया है। भारतमाला, सागरमाला, राष्ट्रीय संपत्ति मुद्रीकरण पाइपलाइन, कृषि अवसंरचना निधि आदि के माध्यम से बुनियादी ढांचा क्षेत्र को मोदी जी के कुशल नेतृत्व में और बढ़ावा दिया गया है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से, जम्मू और कश्मीर में सेवाओं की आपूर्ति में सुधार हुआ है। 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाया है। मोदी जी की सरकार ने अटल जी के सुशासन के मार्ग पर चलते हुए, पीएम गतिशक्ति, प्रगति, मिशन कर्मयोगी के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और व्यवसायों, व्यक्तियों और अन्य हितधारकों पर अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है तथा विभिन्न मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं की बेहतर डिलीवरी सुनिश्चित की है।

आयोग की स्थापना की गयी और बिजली क्षेत्र में नियामक ढांचे में सुधार के लिए बिजली अधिनियम में संशोधन किया गया।

मई 1998 में 'ऑपरेशन शक्ति' के सफल परीक्षण ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बना दिया। जटिल कश्मीर समस्या के समाधान के लिए प्रसिद्ध वाजपेयी सिद्धांत इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत (मानवता, शांति और कश्मीरी लोगों की पवित्रता) के लोकप्रिय ज्ञान को प्रतिध्वनित करता है। उनका प्रसिद्ध वक्तव्य, आप दोस्त बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं, भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शन करते हैं।

वाजपेयी सरकार ने शहीदों के शवों को उनके घर तक लाने की अनुमति दी, ताकि लोग देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों का सम्मान कर सकें। विकास और कनेक्टिविटी में संचार की भूमिका को समझते हुए, तत्कालीन भाजपा सरकार ने 1999 में राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में सकारात्मक बदलाव पेश किये, जो आगे चल कर भारत में दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति की मिशाल बनी। अनुसूचित जनजातियों के कल्याण

> ' स्वर्णिम चतुर्भुज योजना' 2001, स्वतंत्र भारत के रोडवेज क्षेत्र में बुनियादी ढांचा में सुधार का सबसे बड़ा प्रयास था, जिसके तहत उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम के राज्यों को आपस में जोड़ा गया। 5846 किमी की सड़कों का निर्माण कर, चार महानगर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को लोगों की कुशल आवाजाही के लिए जोड़ा गया। ' सर्व शिक्षा अभियान', जिसकी शुरुआत 2001 में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की गयी। अर्ध-न्यायिक केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग की स्थापना की गयी और बिजली क्षेत्र में नियामक ढांचे में सुधार के लिए बिजली अधिनियम में संशोधन किया गया।

के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण ही 1999 में अलग जनजातीय मामलों के मंत्रालय की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया। अटल बिहारी वाजपेयी जी सर्वसम्मति और व्यावहारिकता के व्यक्ति थे, जिन्होंने 2000 में शांतिपूर्ण तरीके से तीन नये राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड का गठन संभव बनाया। 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा, मंत्रिपरिषद के आकार को निश्चित कर दिया गया। इसके अनुसार केंद्रीय मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। जिसमें होने वाले अनावश्यक खर्च को जनहित के कार्यों में उपयोग किया जाने लगा। 21वीं सदी की शुरुआत में वाजपेयी जी ने कई महत्वपूर्ण पहल करके सुशासन की बात कही। वहीं अटल जी के लक्ष्यों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने इन उपायों की गति और पैमाने को और अधिक बढ़ाया। डीबीटी और जेएएम जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों ने संस्थानों में लोगों का विश्वास मजबूत किया है। भारतमाला, सागरमाला, राष्ट्रीय संपत्ति मुद्रीकरण पाइपलाइन, कृषि अवसंरचना निधि आदि के माध्यम से बुनियादी ढांचा क्षेत्र को मोदी जी के कुशल नेतृत्व में और बढ़ावा दिया गया है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से, जम्मू और कश्मीर में सेवाओं की आपूर्ति में सुधार हुआ है।

> जीएसटी, श्रम संहिता, दिवाला और दिवालियापन संहिता, नयी शिक्षा नीति, मुद्रा, पीएम आवास योजनाएं, पीएम किसान योजना... जैसी कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन से और कर विवादों का निर्बाध समाधान जैसी पहल से मोदी सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के अन्य आयामों को मजबूत किया है।

'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाया है। मोदी जी की सरकार ने अटल जी के सुशासन के मार्ग पर चलते हुए, पीएम गतिशक्ति, प्रगति, मिशन कर्मयोगी के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और व्यवसायों, व्यक्तियों और अन्य हितधारकों पर अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है तथा विभिन्न मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं की बेहतर डिलीवरी सुनिश्चित की है।

जीएसटी, श्रम संहिता, दिवाला और दिवालियापन संहिता, नयी शिक्षा नीति, मुद्रा, पीएम आवास योजनाएं, पीएम किसान योजना... जैसी कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन से और कर विवादों का निर्बाध समाधान जैसी पहल से मोदी सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के अन्य आयामों को मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री मोदी की अटल सुशासन संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही भारत की इज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 2015 में 145 से बढ़ कर 2020 में 63 हो गयी। इसी तरह, ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग 81 (2015) से बढ़कर 46 (2021) हो गयी है।

सुशासन, संवैधानिक ढांचे के भीतर लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करके उनकी सेवा करने का एक साधन है। अटल जी की दूरदृष्टि, नेतृत्व, मार्गदर्शन और अमूल अंतर्दृष्टि, वर्तमान और भावी पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। भारत देश 'आजादी का अमृत महोत्सव' की पृष्ठभूमि में ' सुशासन दिवस' मना रहा है, आइये हम आत्मनिरीक्षण करें और नये विकसित भारत के निर्माण के लिए, भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना से कार्य करने का संकल्प लें।

**सुशासन के प्रति वाजपेयी जी का 'अटल संकल्प'**

*'कदम मिलाकर चलना होगा'*
*बाधाएं आती हैं आयें*
*घिरें प्रलय की घोर घटायें, पांवों के नीचे अंगारे,*
*सिर पर बरसें यदि ज्वालायें, निज हाथों में हंसते-हंसते,*
*आग लगा कर जलना होगा।*
*कदम मिला कर चलना होगा।।*

**सुशासन दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।**

**(लेखकः झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)**

# ढाई दशक बाद गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकली कांग्रेस

## ■ प्रियंका गांधी महासचिव तो हैं, लेकिन उनके पास अब कोई जिम्मेदारी नहीं

## ■ सोनिया-राहुल गांधी भी कार्यसमिति के सदस्य हैं, अलग से कोई काम नहीं

## ■ बड़ा सवाल : क्या यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी को पुनर्जीवित करने की कवायद है

आजाद सिपाही विशेष

**देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस में अब गांधी-नेहरू परिवार के किसी सदस्य की कोई भूमिका नहीं रह गयी है। प्रियंका गांधी पार्टी की महासचिव तो हैं, लेकिन उनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है। उन्हें यूपी की प्रभारी महासचिव पद से हटा दिया गया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी पार्टी के सांसद हैं और इस नाते पार्टी कार्यसमिति के सदस्य भी हैं, लेकिन उन्हें भी पार्टी ने कोई जिम्मेदारी नहीं दी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पार्टी संगठन में जो बदलाव किया है, उससे साफ हो गया है कि कांग्रेस 2024 के चुनाव से पहले खुद को पुनर्जीवित करने के रास्ते पर आगे बढ़ चुकी है। इस संगठनात्मक बदलाव के कई सियासी मतलब निकाले जा रहे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कांग्रेस में अब तपे-तपाये संगठनकर्ताओं का टोटा पड़ गया है। इसलिए अविनाश पांडे को यूपी और गुलाम अहमद मीर को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। अविनाश पांडे इससे पहले झारखंड के प्रभारी थे और उनके कार्यकाल में पार्टी की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में उन्हें यूपी जैसे बड़े प्रदेश का प्रभार देना अटपटा जरूर लग रहा है। जहां तक झारखंड के नये प्रभारी का सवाल है, तो कांग्रेस के बहुत से नेता इनके नाम से भी परिचित नहीं हैं। गुलाम अहमद मीर झारखंड कांग्रेस को कितना मजबूत कर सकेंगे, यह भी देखनेवाली बात होगी। लेकिन कांग्रेस में हुए बदलाव का सबसे बड़ा पहलू यह है कि आज की तारीख में कांग्रेस की कोई भी जिम्मेदारी गांधी-नेहरू परिवार के पास नहीं है, हालांकि यह परिवार अब भी कांग्रेस का 'सब कुछ' बना हुआ है। तो बड़ा सवाल यह है कि आखिर कांग्रेस को गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकलने पर मजबूर क्यों होना पड़ा। कांग्रेस के भीतर हुए संगठनात्मक बदलाव के इसी सियासी मायने का विश्लेषण कर रहे हैं। आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के आधुनिक इतिहास में 23 दिसंबर, 2023 की तारीख एक ऐसे दिन के रूप में दर्ज हो गयी, जब पार्टी गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकल गयी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा सांगठनिक बदलाव करते हुए प्रियंका गांधी से यूपी की प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी वापस ले ली और झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे को वहां भेज दिया। अविनाश पांडे की जगह गुलाम अहमद मीर को झारखंड का प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का और डॉ अजय कुमार को ओड़िशा का प्रभार दिया गया। कुछ और बदलाव किये गये, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रियंका गांधी को कोई जिम्मेदारी नहीं दी गयी है। इसका सीधा मतलब यही है कि कांग्रेस में अब गांधी-नेहरू परिवार की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रह गयी है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी कार्यसमिति में केवल इसलिए हैं, क्योंकि वे सांसद हैं।

कांग्रेस के भीतर के इस बदलाव का आशय समझने के लिए थोड़ा पीछे चलना होगा। हाल ही में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया। यह पराजय पार्टी आलाकमान पर क्षेत्रीय क्षत्रपों के हावी होने का प्रमाण माना गया, क्योंकि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस पूरे घटनाक्रम का मौन दर्शक बना रहा। लेकिन उसके भीतर एक हलचल जरूर



पैदा हो गयी।

इससे पहले 138 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी के आधुनिक इतिहास में तीन तारीखों का खासा महत्व था। पहली तारीख 14 मार्च 1998 है, जिस दिन कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में तत्कालीन अध्यक्ष के तख्ता पलट की पटकथा लिखी गयी थी और सीताराम केसरी को लगभग धक्का देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। दूसरी ऐतिहासिक तारीख थी 16 दिसंबर, 2017, जब राहुल गांधी को उत्सवी माहौल में कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। ऐसा ही एक इतिहास तीन जुलाई, 2019 को रचा गया था, जब राहुल गांधी ने औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। लेकिन 23 दिसंबर, 2023 को कांग्रेस गांधी-नेहरू परिवार के नेतृत्व से भी दूर हो गयी। राहुल ने पहले ही एलान कर दिया है कि वह अब पार्टी अध्यक्ष नहीं बनेंगे और न ही अपनी बहन प्रियंका को यह पद संभालने की सलाह देंगे। ऐसे में यह साफ हो गया है कि कांग्रेस अब इस परिवार के बाहर अपना रास्ता तलाश करने के रास्ते पर बढ़ गयी है।

इस बात में कोई शक नहीं कि गांधी-नेहरू परिवार आज भी कांग्रेस के लिए 'पहला और अंतिम' है, लेकिन हाल में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में हुई करारी पराजय के बाद से यह परिवार कांग्रेस के लिए काफी महंगा साबित हो रहा था। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी ने वापसी का दावा जरूर किया था, लेकिन हाल में उनके विवादित बयानों और उल-जुलूल हरकतों ने पार्टी की खूब किरकिरी करायी। जहां तक प्रियंका गांधी का सवाल है, तो यूपी में वह कुछ नहीं कर सकीं। हिमाचल और कर्नाटक में दोनों भाई-बहनों के बारे में यह जरूर कहा गया कि पार्टी को जीत दिलाने में दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वास्तव में कांग्रेस के महत्वहीन होने की शुरुआत 2014 के लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद शुरू हुई थी। पार्टी को 2019 में उम्मीद थी, लेकिन उसमें भी वह बुरी तरह हार गयी। कांग्रेस शासित राज्यों में भाजपा अपनी स्थिति मजबूत करते हुए वहां की सत्ता पर कब्जा कर रही थी। इस साल के शुरू में विपक्षी दलों का गठबंधन बनने के बाद राहुल गांधी नेतृत्व के लिए तैयार हो ही रहे थे, तभी गठबंधन के कई घटक दलों ने उनके नेतृत्व में काम करने से आनाकानी कर दी। इससे कांग्रेस में यही संदेश गया कि उसे राजनीति की मुख्यधारा में वापस आने के लिए गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकलना ही होगा।

### अब गांधी-नेहरू परिवार की क्या होगी भूमिका

यह सवाल सबसे बड़ा है कि अब गांधी-नेहरू परिवार की पार्टी में क्या भूमिका रहेगी। इस बात की संभावना बहुत ज्यादा है कि अब पार्टी का संचालन सामूहिक रूप से होगा। इसका आशय है कि अध्यक्ष औपचारिक रूप से पार्टी का संचालन करेगा, लेकिन अनौपचारिक रूप से गांधी परिवार पार्टी पर नियंत्रण रखेगा और समय-समय पर कामकाज में दखल देगा।

हिंदी पट्टी के राज्यों में पराजय से बुरी तरह घिरे कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में बदलाव की कवायद पूरी की और प्रियंका गांधी से यूपी का प्रभार लेने की हिम्मत भी जुटा ली। इस बदलाव के बाद से यह सवाल उठाया जा रहा है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व वर्तमान राजनीतिक हालात के आगे सरेंडर कर चुका है। कांग्रेस के भीतर मची खलबली की पृष्ठभूमि यही है। इन सभी प्रकरणों से साफ हो गया है कि कांग्रेस का एक बड़ा तबका गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर आकर पार्टी को नया स्वरूप देने के पक्ष में था। इसके साथ ही यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस तेजी से उस रास्ते पर आगे बढ़ रही है, जिसे रूपांतरण कहते हैं। यह रूपांतरण केवल पार्टी के बाहरी आवरण में नहीं होगा, बल्कि इस बार इसके भीतर भी परिवर्तन हो सकता है। यह बदलाव 2024 के आम चुनाव से पहले पूरा हो सकता है और यदि कांग्रेस खुद को गांधी-नेहरू परिवार की छाया से निकल कर नया स्वरूप अख्तियार कर लेती है, तो यह पीवी नरसिंह राव युग की वापसी होगी, जिसने राजीव गांधी की मौत के बाद पार्टी को नयी ऊंचाई पर पहुंचाया था।

सोनिया गांधी और राहुल गांधी बेशक पार्टी के केंद्र में बने रह सकते हैं, लेकिन आज जिस दौर में कांग्रेस है, उसमें तो यह साफ हो गया है कि पार्टी उनकी पकड़ से छूटने के लिए छटपटा रही है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कौन सा रास्ता चुनती है। क्या खुद को बदल कर नये रूप में जनता के सामने आने का रास्ता उसे सुनहरे भविष्य को ओर ले जा सकता है। क्या गांधी परिवार की प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रहने से कांग्रेस के क्षत्रपों में अनुशासन बरकरार रह सकता है। क्या देश की जनता इतनी आसानी से दक्षिण भारतीय मल्लिकार्जुन खड़गे को सहज स्वीकार कर लेगी, जिनके बेटे के व्यंग्यवाण सनातनियों को चुभ रहे हैं।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 11.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |






## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी,परिश्रम व प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे।

**वृष** विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** नए सम्पर्क बनेंगे,शत्रुओं पर विजय,समाज से सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**सिंह** नौकरी-व्यापार की क्षेत्र में सफलता, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** रोग-शोक-दु:श्चिन्ताएं दूर होगी, नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** रूके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** मीन-चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी,रोजी-रोजगार में परिश्रम का फल मिलेगा।

# जज्बा और जुनून के साथ समाज सेवा करना डॉ अभिषेक का मकसद

- चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी
- कोरोना काल के दौरान आइसीयू से निकलने के चौथे दिन ही मरीजों का ऑपरेशन शुरू किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक मशहूर गीत अपने लिये जिये, तो क्या जिये, तू जी ए दिल जमाने के लिए, युवा समाजसेवी डॉ अभिषेक पर फिट बैठती है। जीवन वही है, जो समाज के काम आये। व्यक्तिगत आकांक्षाओं को दरकिनार कर जो व्यक्ति समाज में बदलाव की बयार चलाने की क्षमता रखता है, वही सच्चा लीडर है। कई प्रतिभाओं के धनी और समाज के प्रति समर्पित ऐसा ही एक नाम है डॉ अभिषेक रामाधीन। डॉ अभिषेक रामाधीन पेशे से डॉक्टर हैं, लेकिन समाज के कई आयामों पर वे अपनी छाप छोड़ रहे हैं। चिकित्सा में 18 सालों के अनुभव के साथ वह आज डॉ अभिषेक रामाधीन हॉस्पिटल के निदेशक, शहर के प्रख्यात इएनटी स्पेशियलिस्ट और स्कल बेस्ड नेक एंज हेड सर्जन हैं। 2024 में चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की योजना है।

डॉ रामाधीन समाज में बेहतर लीडरशिप के पक्षधर हैं। उनका मानना है कि युवा पीढ़ी को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए खुद आना पड़ेगा। ऐसे में उनकी योजना है कि वे 2024 में अपने गृह जिला चतरा से सांसद का चुनाव लड़ेंगे। चुनाव लड़ने के पीछे उनका उद्देश्य है कि झारखंड को उसका अधिकार मिल सके। खनिज और कोयले के रूप में झारखंड जितना योगदान देता है, उतना विकास झारखंड नहीं हो सका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित विकास के अन्य पैमानों पर झारखंड की गिनती पिछले राज्यों में होती है। इसलिए डॉ अभिषेक रामाधीन राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं को ठीक करना चाहते हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज आदि हो, यही सपना है।

डॉ अभिषेक कोरोना काल के दौरान आइसीयू से निकलने के चौथे दिन ही मरीजों का ऑपरेशन शुरू कर दिये थे। कई बार तो ऐसा हुआ कि वे खुद ऑक्सीजन पर थे और ऑपरेशन थियेटर में लोगों की जान बचा रहे थे। सिर्फ कोरोना काल में उन्होंने ब्लैक फंगस के 35 से अधिक मरीजों का सर्जरी की, जिनमें से अधिकतर की जान बचायी जा सकी।

आज भी वे दिन भर पेसेंट की सेवा करने के बाद व्यस्ततम जीवन से चार घंटे का समय चेंबर ऑफ कॉमर्स को देते हैं। डॉ रामधीन कहते हैं कि समाज सेवा के लिए मैंने अमेरिका की नौकरी छोड़ दी। अमेरिका जैसे शहर में लाखों की नौकरी छोड़ कर रांची में अपना अस्पताल चलाना के प्रति यह उद्देश्य है कि समाज के प्रति उनका समर्पण कितना है। डॉ अभिषेक ने सेठ जीएस मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया, फिर अमेरिका से एमडीए टाटा कैंसर हॉस्पिटल और केइएम हॉस्पिटल जैसे संस्थानों में वे सीनियर रेसिडेंट रहे। इसके अलावा उन्हें इटली और अमेरिका जैसे देशों में फेलोशिप भी मिली। लेकिन डॉ अभिषेक का उद्देश्य अपने लोगों की सेवा करना था। इस वजह से अपनी माटी को लौट आये और अब अपनी योजना बना रहे हैं।

### संताल के आदिवासी नये जेल अधीक्षक की सख्ती सीएम को नहीं पच रही

# सरकारी मेहमानों को जेल में दिख रहे तारे : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी होटवार जेल के सुपरिटेंडेंट राबर्ट बेसरा की सराहना की है। साथ ही उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को नसीहत भी दी है। सोशल मीडिया के जरिये बाबूलाल ने कहा है कि उन्होंने सुना है, होटवार जेल में इडी के केस में बंद आपके कमाऊ चेलों को युवा संताल आदिवासी नये जेल अधीक्षक राबर्ट बेसरा की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह ये अधीक्षक प्रेम की लीला के मायाजाल में फंस नहीं रहा। इतना टाइट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में दिन में ही तारे दिखायी दे रहे हैं। हेमंत को सावधान करते सलाह दी है कि वे चेलों के दबाव में राबर्ट बेसरा को दूसरे जगह भिजवाने में लगे हैं। उनकी जगह किसी और को लाने की षड्यंत्रकारी योजना बन रही है, ताकि आपके चहेते पहले की तरह जेल से ही सरकार का नियंत्रण करते रहें और इडी के गवाहों को होस्टाइल कराते रहें।

जेल आइजी से भी चेलों को मदद नहीं मिल रही, सो उनकी भी विदाई का वातावरण जेल से ही बनाने का प्रयास कर रहे हैं आपके मनी मेकर चेले। बाबूलाल के मुताबिक अगर संताल समाज का कोई युवा अफसर कानून सम्मत बढ़िया काम कर रहा है, तो सीएम को तो उसे शाबासी देनी चाहिए। ध्यान रहे कि पब्लिक आपके ये सब गलत काम देख, सुन, समझ रही है। इसलिए अपने चेलों के षड्यंत्र का शिकार बनने की गलती फिर से करके एक नया मुसीबत मोल मत लीजियेगा। आगे आपकी मर्जी।

### अबुआ आवास योजनाः 29 से होगा सत्यापन

# दस हजार गरीबों को मिलेगा 'अपना घर'

- पंचायत स्तरीय कमेटी करेगी लाभुकों का सत्यापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के छूटे हुए बेघरों को अबुआ आवास योजना से घर देने के लिए लाभुकों का सत्यापन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा तैयार किये गये मोबाइल एप के जरिये किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के उपविकास आयुक्त को निर्देश दिया है।

पंचायत स्तरीय कमेटी इसका सत्यापन करेगी। राज्य में 15 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर लाभुकों से आवेदन लिये जा रहे हैं, जिन्हें अन्य आवास योजना से अब तक आवास नहीं मिल सके। ऐसे छूटे हुए लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार प्रथम चरण में दस हजार लाभुकों को आवास देने की योजना बनायी है, लेकिन आवेदन इससे कहीं अधिक आ गये हैं। ऐसे में अब सरकार ने आवेदन किये गये इन लाभुकों के आवेदन का सत्यापन कार्य प्रारंभ कर रही है।

# अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सोमवार को 100वीं जयंती है। भाजपा उनकी जयंती को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी। यह जानकारी रविवार को कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक बबन गुप्ता ने दी।

श्री गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में सभी बूथों सहित शक्ति केंद्र और सांगठनिक जिला स्तर पर भव्यता के साथ सुशासन दिवस को मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के अन्य नेता उपस्थित रहेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# एक बड़े एनजीओ के हेड का घर कहां है, तलाश रही खेलगांव पुलिस

- मोबाइल, बाइक सब दूसरे के नाम, दो हजार नंबर है मोबाइल में पर कोई नहीं जानता घर
- राकेश दुबे की हो गयी है मौत, रांची में भारतीय ग्रामीण विकास केंद्र चलाते थे

**अजय शर्मा**



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची पुलिस एक स्वाभाविक मौत के बाद अपना माथा पीट रही है। पुलिस के समक्ष परेशानी यह है कि मौत के बाद शव किसको सौंपे। मृतक के परिजन कौन हैं। कहां रहते हैं। किसी को कुछ पता नहीं है। 21 दिसंबर को खेलगांव थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास वेद प्रकाश मिश्रा के मकान में किरायेदार के रूप में रहने वाले 70 वर्षीय राकेश दुबे की मौत हो गयी। वे यहां 13 दिसंबर 2023 को किरायेदार के रूप में आये थे। खेलगांव पुलिस ने तीन दिनों तक शव को रखने का अनुरोध रिम्स प्रशासन से किया। पुलिस को लगा था कि तीन दिन में कोई न कोई परिजन सामने आयेंगे और शव ले जायेंगे लेकिन रविवार तक कोई नहीं आया। मृतक के बारे में पता चला कि वे रांची में भारतीय ग्रामीण विकास केंद्र नामक संस्था चलाते थे। यह संस्था महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह और श्रम विभाग के इ श्रम कार्ड बनाते थे। इस संस्था का कार्यालय बूटी मोड़ के कुंती स्पोर्ट्स के पीछे है। पूरे राज्य में इस संस्था के तीन हजार से अधिक सदस्य हैं। दुबे जो मोबाइल प्रयोग कर रहे थे उसमें दो हजार नंबर फीड थे। खेलगांव पुलिस एक-एक कर सबको फोन कर रही है। उत्तर मिलता है सर हैं, कहां घर है नहीं मालूम। पुलिस ने भी जो केस रजि. किया है। उसमें पिता का नाम नहीं मालूम। स्थायी पता नहीं मालूम लिख रखा है। जहां किरायेदार थे उनकों भी यह पता नहीं है कि ये रहने वाले कहां के हैं। मोबाइल नंबर 8521706728 का उपयोग करते थे। यह नंबर भी किसी और के नाम से है। उसे भी नहीं पता है कि उनका घर कहां है। जिस कार व बाइक का उपयोग करते थे। वह भी दूसरे के नाम से है। वे भी नहीं बता पाये कि उनका घर कहां है। एक ने इतना बताया कि ये एक बड़े अधिकारी थे, सेवानिवृत्ति के बाद एनजीओ से जुड़े थे। पुलिस तब माथा पीट ली जब एनजीओ के रजि. के बारे में पता लगायी। पता चला कि एनजीओ राजेंद्र कुमार के नाम से रजिस्टर्ड है। पिता का नाम धर्म राम है। जो ग्राम-पोस्ट : लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, हजारीबाग के नाम से है। अब तक मृतक के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। खेलगांव पुलिस घर का पता लगाने में जुटी है। खेलगांव थाना प्रभारी मनोज कुमार मृतक के मूल निवास का पता लगाने का अथक प्रयास कर रहे हैं।



## अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड स्तरीय बैठक हाई स्कूल मैदान बड़का गांव में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन शिक्षक महावीर राम ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी माता शबरी जयंती धूमधाम से बड़कागांव प्रखंड में मनाया जाएगा और वन भोज सह भुईयां समाज मिलन समारोह जनवरी माह में किया जाएगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम प्रखंड सचिव सह शिक्षक महावीर राम, गिरजा भुइया, शंकर भुइयां, रामचन्द्र भुइयां कार्तिक भुईयां संजय भुईयां संतोष कुमार राम, फूलचंद राम, संजीत भुईयां, बरजू भुईयां, राजेश भुईयां, दर्जनों लोग उपस्थित हैं।

## बरही के सूर्यमंदिर के निर्माण को लेकर बैठक



बरही (आजाद सिपाही)। प्रखंड के स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में मंदिर के निर्माण को लेकर भगवान केशरी की अध्यक्षता में सूर्यमंदिर निर्माण समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सूर्यमंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि सूर्यमंदिर का निर्माण बरही के ऐतिहासिक छठ घाट बरहीडीह में सामुहिक सहयोग से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के अथक प्रयास के साथ आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है ।राजसिंह चौहान ने लोगों को बताया कि सूर्य भगवान हिंदुओं के लिए आस्था के देवता माने जाते है और छठ के अवसर पर उनके प्रति आस्था और दर्शन अभिलाषी उमड़ते हैं। इसलिए हम सभी सूर्य मंदिर को अभूतपूर्व बनाया जायेगा। उन्होंने अपार हर्ष जताते हुए कहा कि भगवान सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बरही के सभी सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन व महिलाएं एवं समस्त ग्रामवासी उक्त कार्य में भाग लेकर यज्ञ को सफल बनाएंगे। समिति एवं बरहीडीह के ब्राह्मणों के निर्णय के अनुसार शुद्ध तिथि भूमि पूजन हेतु नए साल के 28 जनवरी 2004 को किया जायेगा। 16 फरवरी 2024 से यज्ञ प्रारम्भ करते हुए 24 फरवरी 2024 को यज्ञ को पूर्ण किया जाएगा। मौके पर ब्राह्मणों की मुख्य उपस्थिति में रामलखन शर्मा, परमानंद पांडे, गौतम पांडे, जीवलाल पांडे,युगल शर्मा,रविरंजन पांडे, रिंकू पांडे, अजय पांडे, रामचंद्र पांडे, सुबोध कुमार पांडे के अलावे संचालकर्ता राजसिंह चौहान, भगवान केशरी, मुखिया शमसेर आलम, राजकुमार केशरी, कैलासपति सिंह, सचिव राजवंशी सिंह,कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, रमेश ठाकुर, रिंकू कुमार, सीताराम राणा, उपेंद्र शर्मा, मोती कुमार सिंह, सुखदेव ठाकुर, विक्की सिंह, राजू राणा, अशोक राणा, सहादेव प्रजापति, विकेंद्र सिंह, प्रकाश राणा, नकुल राणा, शंकर भुइयां, भुनेश्वर साव, विजय सिंह, मुकेश सिंह, सुरेश राम, नागेश्वर ठाकुर,चंद्रदेव राणा, शम्भू केसरी, नंदन प्रसाद केशरी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने चार साइबर आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर प्रतिबिम्ब एप के माध्यम से थाना क्षेत्र के मासीपीढी निवासी सुजीत कुमार पिता रामा राम,सोनू कुमार पिता किशोर राम बरवां निवासी अंगेश्वर कुमार पिता चौधरी महतो और कपका निवासी सोनू कुमार पिता भीम महतो के द्वारा अपने मोबाइल से व्हाट्सएप के जरिए स्कॉट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क करके मोबाइल पर स्कोका और सिंपल एस्कॉर्ट्स सर्विस वेबसाइट के जरिए लड़कियों महिलाओं का आपति जनक तस्वीर भेजकर उनसे सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा है ।इसके आधार पर छापामारी कर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 237/23 के तहत अंकित कर प्राथमिक अभियुक्तो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विदित हो कि साइबर क्राइम को अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। जिससे साइबर आरोपीयों में हड़कंप मचा हुआ हैं। वहीं कई साइबर आरोपी स्थान को बदल कर घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## राम जन्मभूमि से अक्षत कलश पहुंचा पथलडीहा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत कलश को लेकर कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा और लरियाडीह पंचायत में सोमवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कोडरमा में रविवार को बैठक कर दोनों पंचायत के लिए कलश सौंपा गया जिन्हें मंदिर में विधि विधान से स्थापित किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोग अक्षत कलश के दर्शन के लिए पहुंचे। बता दें कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर में स्थापित करने से पहले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र समिति ने यह कलश लोगों के दर्शन और पूजन के लिए भेजा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष संजीव समीर और मंत्री आरके बसंत ने बताया कि 22 जनवरी 2024 में भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। लोकार्पण से पूर्व तीर्थ क्षेत्र समिति ने देश के सभी राज्यों में अक्षत कलश भेजा है। रविवार को ही झुमरीतिलैया शिव वाटिका में हुई बैठक में पूजन कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। कोडरमा में भी पूजन के बाद अक्षत कलश ध्वजाधारी आश्रम स्थित हनुमान मंदिर में लोगों के दर्शनाथ रखा गया है। मौके पर विहिप के नगर उपाध्यक्ष रवि शंकर, नगर मंत्री आरके बसंत, पथलडीहा पंचायत मंत्री सुभाष कुमार राणा, भाजपा नेता मिथिलेश कुमार सिंह, विहिप के सह सचिव राजेन्द्र सिंह, पुजारी विश्वम्भर पण्डित, विहिप पंचायत संयोजक रविन्द्र राणा, राजेश पांडेय, कौशल पांडेय, संदीप राणा, रामचन्द्र सिंह, दिनेश यादव, गौतम राणा, रामू यादव, मुकेश सिंह, शंकर पण्डित समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अवैध ब्लू स्टोन खदान पर फिर चला प्रशासन का डंडा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा वन प्राणी आश्रयणी क्षेत्र अंतर्गत लोकाई मेँ संचालित अवैध ब्लू स्टोन पत्थर खदान में जिला प्रशासन व वन विभाग की टीम ने रविवार को रेंजर के नेतृत्व मे सयुंक्त कार्यवाई की। चार घंटे से अधिक चले इस अभियान में दर्जनों गड्ढे भराया गया है। तीन जेसीबी मशीनों के सहारे जमीदोज कर दिया गया। मौके पर वन्य प्राणी आश्रयणी के उस्मान अंसारी, गोपाल यादव, सिंदर यादव, दुर्गा महतो, छत्रपति शिवाजी, कोडरमा थाना के एसआई अनिल राम, के अलावा पुलिस के जवान मौजूद थे।

## नेशनल पार्क का रजडेरवा पिकनिक स्पॉट सैलानियों के स्वागत के लिए है तैयार

दीपक सिंह




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर रांची पटना हाइवे पर स्थित नेशनल पार्क का रजडेरवा पिकनिक स्पॉट सैलानियों के स्वागत के लिए पलके बिछाए तैयार है। यहां की हरे भरे और मनोरम वादियों में पक्षियों का कलरव और वन्य जीवों की आहट बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। वहीं रजडेरवा झील में नौका विहार करना मानो स्वर्ग सा सुख की अनुभूति कराता है। यूं तो यहां सालों भर झारखण्ड समेत बिहार और पश्चिम बंगाल से सैलानियों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन दिसंबर और जनवरी में पिकनिक प्रेमियों की काफी भीड़ देखी जा सकती है। यूं तो पिकनिक का लुत्फ कहीं भी उठाया जा सकता है, लेकिन रजडेरवा पिकनिक स्पॉट का मजा ही कुछ और है। यहां के खूबसूरत झील में नौका विहार, झरने की खूबसूरती, वन्य जीवों के अध्ययन के लिए बने संग्रहालय, भोजन हेतु कैंटीन और आश्रयणी क्षेत्र में वन्य जीवों को निहारने के लिए बने वॉच टॉवर लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। अश्रयणी क्षेत्र के 186 वर्ग हेक्टेयर में बने केज के अंदर सांभर, हिरण, नीलगाय, भालू, बंदर, मोर समेत दर्जनों प्रकार के वन्य जीव और रंग बिरंगे पक्षियों को देखा जा सकता है। रजडेरवा में ठहरने के लिए गेस्ट हाउस और पांच कॉटेज बने हैं।

### ऐसे पहुंचें रजडेरवा पिकनिक स्पॉट?

एनएच 33 रांची पटना रोड में स्थित हजारीबाग वन्य जीव आश्रयणी का मुख्य द्वार हजारीबाग जिला मुख्यालय से 17 किमी दूर रांची पटना मुख्य मार्ग एन एच 33 पर स्थित है। वहां से लगभग 10 किलोमीटर कच्ची रास्ता से चलकर राजडेरवा पहुंचा जा सकता है।

### मनीष जयसवाल ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा

# 10.5 करोड़ की योजनाओं का किया गया शिलान्यास

**6.14 किमी ग्रामीण पथों का जल्द होगा कायाकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधायक मनीष जयसवाल ने रविवार को कटकमसांडी प्रखंड की तीन पंचायत के कई गांव का दौरा किया। इस दौरान करीब साढ़े 10 करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के डाटो खूर्द, शाहपुर और ढौठवा पंचायत में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। डाटो खूर्द पंचायत स्थित गम्हरियाटांड़ रोड स्थित कूद नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत फाइव स्पेन के पुल निर्माण का शिलान्यस किया। 4.5 करोड़ से इस पुल का निर्माण होगा। यह पुल कूद, डाटो, नदीपार, बारीकोला को परैवातरी, पतीयातरी, बरगाबांध, महुदिया से कनेक्ट करेगा। शाहपुर पंचायत में विधायक ने दो प्रमुख पथों के निर्माण की आधारशिला रखी। इसमें ग्रामीण कार्य विभाग हजारीबाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत एदला से हेसाकुदर तक पथ का विशेष मरम्मत कार्य नौ महीने में संपन्न होगा। इसी पंचायत में दूसरा पथ शाहपुर पहाड़ी से शाहपुर बस्ती तक बनेगा। 2.47 किमी पथ का मरम्मत कार्य एक करोड़ 34 लाख 20 हजार से होगा। ढौठवा में तीन करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। 2 करोड़ 08 लाख की लागत से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ढौठवा का कायाकल्प होगा। 93 लाख की लागत से भोला रविदास के घर से मुख्य पथ ढौठवा नरेश शर्मा की दुकान तक पथ निर्माण होगा।




### समाज के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील: विधायक मनीष जयसवाल

विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा के साथ समाज की आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो चलती रहेगी। विकास के साथ समाज के जरूरतमंद वर्गों की चिंता करना भी हमारा दायित्व है। इसी दायित्व के निर्वहन के तहत महिला सखी मंडलों के बीच सीधा संवाद कर उनकी समस्या से रू-ब-रू होने का मौका मिला। कहा कि आधी आबादी की मजबूती के बिना समाज और देश का विकास संभव नहीं है। कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में चार संकुलों के भवन निर्माण की स्वीकृति जल्द दिलाने की घोषणा की।

## हजारीबाग यूथ विंग ने किया कंबल का वितरण

हजारीबाग (आाजद सिपाही)। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पिछले एक माह से लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है इसी के नियमित रविवार को नगवां टोल प्लाजा के समीप कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सरयू यादव शामिल हुए। अतिथियों को यूथ विंग के संरक्षक एवं पदाधिकारियों के द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात कंबल वितरण कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंद, असहाय, गरीब एवं विधवा महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। यूथ विंग के द्वारा अब तक करीब 1050 से भी अधिक कंबल का वितरण किया जा चुका है। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर संस्था द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कंबल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया गया है की समाज मे मानवता खत्म नहीं हुई है। साथ ही कहा की संस्था का यह प्रयास निरंतर चलता रहेगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, जय प्रकाश खण्डेलवाल, मनोज गिरी, विकाश तिवारी, डॉक्टर वी वेंकटेश, अजय यादव,दीपक यादव, मानी देवी,संजना कुमारी, सृष्टि कुमारी, सत्यम कुमार एवं रानी कुमारी, सुनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही चुनाव में विकल्प बन कर सामने आयेगी एनसीपी : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



बरही। रविवार को गर्मजोशी के साथ राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व विधायक कमलेश सिंह का बरही चौक पर स्वागत किया गया और रोड शो करते हुए बरही नगर भवन में उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित किया। संबोधन में उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा में भय की राजनीत को खत्म करेंगे तथा 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन में बरही विधान सभा से भावी विधायक उम्मीदवार महेश ठाकुर होंगे एवम बरही विधानसभा के प्रभारी सह विधायक उम्मीदवार ने कहा कि 30 वर्षों से यहां की जनता का शोषण हुआ और जनता को सिर्फ ठगा गया उनके साथ न्याय नही हुआ। आने वाले चुनाव में स्थानीय को विधानसभा भेजने का काम बरही की जनता करे। मौके पर युथ प्रदेश अध्यक्ष आदर्श सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, युथ जिला अध्यक्ष दीपेश ठाकुर, मो० रब्बानी, किशोर शर्मा, उमा शंकर चौबे, मनोज पासवान, सुबोध ठाकुर, प्रेम पांडेय, रघुवीर सिंह, रवि सिंह, बिरजू ठाकुर साहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इचाक को पर्यटक स्थल घोषित करे सरकार : डॉ आरसी मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान के दौरान नेशनल पार्क स्थित इचाक के ग्राम लोटवा में जनसंपर्क सभा किया। इस दौरान कहा कि सैकड़ों मंदिरों और तालाब की नगरी इचाक को सरकार पर्यटक स्थल घोषित करें। इचाक प्रखंड में ही नेशनल पार्क, सालफरनी पार्क, लोटवा डैम, सूर्यकुंड मंदिर, बड़ा अखाड़ा, छोटा अखाड़ा, बनस टांड़ शिव मंदिर, पुनाय मंदिर, मगुरा में निर्मित हो रहा शक्तिपिठ मंदिर, छबेलवा जंगल, पदमा राजा किला, चमेली पत्थर खदान को विकसित कर ऐतिहासिक नगरी इचाक को केंद्र एवं राज्य सरकार पर्यटक स्थल बनावें। क्योंकि इचाक के उत्तरी छोर में महाराजा कामाख्या नारायण सिंह का गढ़ मनोरम स्थल पर्यटको को लुभाने वाला ऐतिहासिक धरोहर है। साथ ही साथ हजारीबाग सहित तमाम प्रदेश वासियों को नववर्ष के आकर पिकनिक मनाने एवं पर्यटन करने का आह्वान किया। मौके पर ब्रजकिशोर मेहता, लालमोहन रविदास, चंद्रदेव मेहता, राजकुमार मेहता, कुलदीप राम, अरविंद राम, राधा बल्लभ मिंज समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विधानसभा में लिखा जा रहा है विकास का नया कीर्तिमान: अंबा

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के नयाटांड़ पंचायत के किरी मोड़ से सतीचुरा निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन रविवार को विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा मुखिया लीलावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंसस प्रभु राम, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो की संयुक्त उपस्थिति में किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद लगभग एक करोड़ की लागत से डीएमएफटी मद से होने वाली उक्त पथ निर्माण कार्य के आधारशिला रखी गयी।

विधायक द्वारा अनुशंसा एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी मद से हुई है। प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के निर्माण की शुरूआत हुई है, कई योजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन हो रहा है। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के गड़गड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। पारंपरिक रूप से पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। अंबा ने कहा कि लोगों के प्रेम व समर्थन से विधानसभा क्षेत्र में विकास का नया कीर्तिमान लिखी जा रही है। सड़क निर्माण होने से आसपास के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया लीलावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंसस प्रभु राम, संजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय महतो,केसर सिंह, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सतीश दास, त्रिलोकी साव, शमशेर आलम, युवा अध्यक्ष आनंद मेहता ,दशरथ महतो, छोटे खान, संतोष कुमार, शमशेर आलम, महबुल्ला खान, मुंद्रिका सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस सेवादल की स्वर्ण वर्षगांठ मनी




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला सेवादल के तत्वावधान में कांग्रेस सेवादल का स्वर्ण वर्षगांठ धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि मुख्य कांग्रेस का युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, महिला कांग्रेस की तरह कांग्रेस सेवादल भी विभिन्न अंग है। उन्होंने आगे कहा कि जिला सेवादल को युद्ध स्तर पर मजबूति प्रदान करने के लिए जिला कांग्रेस कमिटी जिला कांग्रेस सेवादल के साथ खड़ी है और निकट भविष्य में भी साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन इंटक के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दुबे तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला सेवादल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. मेराज ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार रवि, परवेज अहमद, कजरू साव, विजय कुमार सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, मो. सद्दाम, अंनत कुमार सिन्हा, मोजाजिर अहमद ,इन्द्रेव कुमार, बाबर खान, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मो. इरफान, राज कुमार, टिपू आर्यन, शहबाज अंसारी, अनिल कुमार भुईंया, बहादुर सागर, मो. बदरूल अरफीन, भोला प्रसाद, अर्जुन रविदास, अनुप रंजन, आकाश शर्मा, मंटू कुमार, मो. रिजवान, बाबर अंसारी, तसलीम अंसारी, अमृतेष रंजन, सईद खान, संदीप कुमार के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## जनता दल यूनाइटेड कार्यसमिति की बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्य समिति की एक बैठक स्थानीय परिषद में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने और संचालन जिला सचिव संजय राम ने किया। 21 जनवरी को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन पर नीतीश जोहार कार्यक्रम पर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंडों का युद्ध स्तर पर नेता दौरा करें एवं कार्यक्रम में हजारों की उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला प्रवक्ता सह वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश सचिव चंद्रमोहन पटेल, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, जिला सचिव सुजाता सिंह, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साबिर खान, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष छोटन पासवान, नगर से तराना परवीन, नजराना परवीन, रीना देवी, प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, सदर से रामधनी कुशवाहा, कटकम दाग से प्रमोद राणा, राजू खंडेलवाल, प्रेमचंद राम, तबारक हुसैन, नसीम, नसरुद्दीन अंसारी, आनंद पांडे, इचाक से अयोध्या प्रसाद मेहता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## श्री रामलीला कृष्ण लीला महासमिति का गठन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के धर्म प्रेमियों एवम कलाकारो के द्वारा कला के माध्यम प्रभु श्री राम एवं श्री कृष्ण के जीवन को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्री राम लीला समिति हजारीबाग का विस्तार करते हुए श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति का गठन किया गया। स्थानीय डॉल्फिन रिजॉर्ट में आयोजित बैठक में रामलीला समिति के अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव,सचिव विशाल कुमार एवं कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता मुख्य निर्देशक राकेश गौतम ने संयुक्त रूप से समिति का विस्तार करते हुए बतौर संरक्षक विकास कुमार, हर्ष अजमेरा, राजीव रंजन मिश्रा, डॉक्टर अमला राणा को मनोनीत किया। साथ ही मुख्य सलाहकार महंत विजयानंद दास को बनाते हुए उनके मार्गदर्शन में 22 जनवरी को भव्य राम उत्सव का आयोजन का प्रस्ताव लाया गया, जिसको सभी पदाधिकारीयों ने सर्व सम्मति से पारित किया। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी समिति के संयोजक सुबोध सिन्हा,कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत सिन्हा ,डॉक्टर प्रह्लाद सिंह ,बबलू सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक को दिया गया। बैठक में विशेष तौर से सभी पदाधिकारियों के साथ अनिता कुमारी, डॉक्टर राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। दिव्य कल्याण आश्रम में विधायक अमित कुमार यादव के सौजन्य से नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में जांच के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। एच.जेड.बी.आरोग्यम, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हजारीबाग के द्वारा 800 लोगों का जांच किया गया। और निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार और सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार के द्वारा लोगों की जांच की गई। वहीं विधायक ने अपनी निजी खर्च से नेत्र रोग के लगभग 100 लोगों को नि:शुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। साथ ही मोतियाबिंद से ग्रसित लगभग 100 लोगों का ऑपरेशन का जिम्मा विधायक ने उठाया। मौके पर विधायक ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर से जहां लोग अपनी स्वास्थ्य की जांच कराते हैं वहीं लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, इंद्रदेव यादव, उमेश यादव, विजय यादव,अनील कुमार आजाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने दानिश



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बादम निवासी दानिश खान को अल्पसंख्यक मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद ने घोषणा किया। वहीं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी हित एवं संगठन मजबूती के लिए दानिश खान को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि वे अपने दायित्व को निभाने में सफल होंगे जिससे पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

# किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की चाडी पंचायत कमेटी का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के ग्राम कुस्टेगड़ा में चाडी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोला प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन जिलानी खान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नये सदस्यों को माला पहनकर स्वागत किया। कहा कि रामगढ़ विधानसभा में आजसू व कांग्रेस दोनो में परिवारवाद है। रामगढ़ की जनता नये विकल्प की तलाश कर रही है और आशा भरी निगाहों से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर देख रही है। सर्व समिति से चाडी पंचायत का अध्यक्ष पवन बेदिया, सचिव उज्जवल शर्मा, उपाध्यक्ष श्रावण बेदिया, कोषाध्यक्ष अविनाश बेदिया को चुना गया कमेटी के सदस्य के रूप में शिवम कुमार, संजय बेदिया, चंद्र मोहन बेदिया, अविनाश कुमार, बालेश्वर करमाली, घनश्याम बेदिया, कजरू महतो प्रभात बेदिया, जयदीप बेदिया, बालेश्वर करमाली, परीक्षित महतो को चुना गया। मौके पर कालेश्वर कुशवाहा तेजपाल महतो सुभाष मुंडा आदि उपस्थित थे।

## आम्रपाली सात नंबर चेक पोस्ट सौ रुपये लेते वीडियो जांच का बिषय: जीएम



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की आम्रपाली परियोजना के सात नंबर चेक पोस्ट पर ट्रको की लोडिंग के लिये स्वीकृति प्रदान के लिये सौ रुपए लेने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका एक वीडियो रविवार को सोसल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो की सत्यता के लिये आजाद सिपाही संवाददाता को संप्रेषण पदाधिकारी सुधांशु शर्मा ने बताया की हां एक वीडियो तेजी से वायरल हुई है। यह जांच का बिषय है, जांच करने के बाद उचित कार्रवाई सीसीएल प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। वही जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया की बिना पूछ ताछ के कुछ कहा नही जा सकता, बरहाल नामित आरोपियो के खिलाप कार्रवाइ की जा रही है।

## महिलाओं के बीच कबड्डी खेल-कूद का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के कटैया क्लस्टर में बीटू फील्ड में गुड़िया देवी सीएलएफ अध्यक्ष की अध्यक्षता में कटैया आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सभी मेंबर के बीच लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान चलाया गया। जिसमें महिलाओं के बीच में कभी कबड्डी खेलकूद कराकर विजेता टीम को पेन देकर उत्साहित किया गया ।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

# कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा: मंत्री भोक्ता

दर्जनों मामलों का निस्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया।



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के कोबना पंचायत सचिवालय में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। श्रम नियोजन और प्रशिक्षण तथा कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा माला एवं बुके देकर मंत्री सत्यानंद भोक्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया बबलू मेहता एवं संचालन राजेश ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यानंद भोक्ता ने कहा की झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा आपकी सरकार आपकी योजना आपकी द्वार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को अब कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। सरकार के लोग आपके पंचायत पहुंचकर आपकी समस्या का समाधान करेंगे जिससे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में अबुआ आवास के लिए लगभग सैकड़ो आवेदन आए जॉब कार्ड, राशन कार्ड, सावित्रीबाइ फुले योजना, उज्ज्वला योजना, बृद्धा पेंशन, पशुपालन, कृषि विभाग मनरेगा योजना, सहकारिता विभाग, स्वास्थ विभाग, बैंक, राजस्व, और जेएसएलपीएस के द्वारा स्टाल लगाये गये थे सभी स्लॉट में दर्जनों आवेदन आए कयी दर्जनों मामलों का निस्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, अतीक मंसूरी, अब्दुल्लाह अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, दिलीप दास, रजनी सिंह के अलावा सीओ अरुण कुमार मुंडा, वीडियो निखिल गौरव कमल कश्यप, थाना प्रभारी सनोज चौधरी के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में 50 गरीबों के बीच बांटा कंबल

# 25 व 26 को लगेगा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बढ़ते ठंड को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी सहित क्लब के लोगों ने भुरकुंडा बाजार में लगभग 50 गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर उन्हें ठंड से राहत दिलाने का काम किया। मौके पर क्लब के लोगों ने बताया की जिन लोगों को मोतियाबिंद से संबंधित आंखों की निःशुल्क जांच करानी हो। वे 25 व 26 दिसंबर को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप टॉपकॉन चश्मा दुकान एवं राज नर्सिंग होम में संपर्क कर लें। जांच में पाये गये मरीजों को आगामी 27 दिसंबर को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए रांची निरामया अस्पताल भेजपा जायेगा। जहां 28 दिसंबर को डॉ राहुल द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जायेगा। साथ ही 29 दिसंबर को सभी लोगों को वापस घर भेजा जायेगा। इस दौरान मरीजों के आने-जाने, खाने-रहने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन डॉ. राजेंद्र महतो, अखिलेश शर्मा, शिवा प्रसाद, विजय वर्णवाल, अशोक सिन्हा, संजय कुमार, प्रमोद शर्मा, सोनाराम मांझी आदि का विशेष योगदान रहा।




## कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक

# सभी शाखाओं के कमेटियों का होगा पुनर्गठन : उदय

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता रमाकांत दुबे और संचालन अशोक गुप्ता ने किया। बैठक में यूनियन के केंद्रीय सचिव उदय सिंह मौजूद थें। बैठक में यूनियन की मजबूती पर बल देते हुए आगामी मार्च माह 2024 में एनके एरिया में होने वाले यूनियन के केंद्रीय सम्मेलन पर चर्चा की गयी। मौके पर केंद्रीय सचिव उदय सिंह ने बताया की उक्त सम्मेलन में बरका-सयाल क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति होगी। कहा की बरका-सयाल के सभी शाखाओं में शाखा कमेटियों का जनवरी 2024 में ही पुनर्गठन किया जायेगा। जिसमें सक्रिय साथियों के महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देकर संगठन को मजबूत करने का काम किया जायेगा। मौके पर क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य संजय यादव, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य विनोद कुमार साव, पप्पू सिंह, मनोज, बेलो शर्मा, मौजूद थें।

# सद्भावना मंच ने गरीबों को बाटा कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** रिभर साइड भुरकुंडा स्थित इस्लामिया उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को सद्भावना मंच के तत्वावधान में गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि जानकी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ एसजे अख्तर व समाजसेवी सीताराम प्रसाद ने लगभग 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए मंच के कार्यों की सराहना की। मौके पर समाजसेवी सीताराम प्रसाद ने कहा कि गरीब-जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है।

मौके पर मंच के सचिव नसीम अख्तर, खुर्शीद आलम, ईबरार आलम, राहुल कुमार, अभय यादव, संजय सिंह, जानकी ठाकुर, रफीक अंसारी, नौशाद, शाहिद, अंजीद आलम, सुनील मेहता, जफरूल, हबीब उल्लाह, मो. शफी आदि मौजूद थें। कंबल पाने वालो में बबलू, पिंकी, मीना देवी, आमना, अशरफ, बेबी, बालकुमारी, किरण देवी, खुर्शीद आलम, शबनम, स्वेता देवी, रीता देवी, बाला, नदीम, शबाना सहित कइ लोग शामिल थें।

## 22 को शोभायात्रा निकालने का निर्णय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला सह हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार को रामभक्तों की बैठक हुइ। बैठक में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर भुरकुंडा कोयलालचल में भव्य शोभायात्रा निकलाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही इसकी सफलता को लेकर रूप-रेखा तैयार किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में भुरकुंडा कोयलांचल में झंडा-बैनर के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें सैंकड़ों श्रीराम-हनुमान भक्त शामिल होंगे।

## रॉयल क्रिकेट क्लब ने श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल को 6 विकेट से हराया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल लीग क्रिकेट खेला गया। फाइनल मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम श्रीगुरु नानक पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। खेल का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की। श्रीगुरुनानक पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 35-35 ओवर का मैच में गुरु नानक पब्लिक स्कूल की पूरी टीम 27 .5 ओवर 106 रन बना कर ऑल आउट हो गया। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल क्रिकेट क्लब की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य का हासिल कर लिया।

## प्रियदर्शी राणा बने चतरा जिला युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के राष्ट्रीय संयोजक सह झारखंड बिहार के प्रभारी आशुतोष समंत्रय तथा झारखंड युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह द्वारा चतरा जिले के युवा नेता प्रियदर्शी राणा को चतरा जिला युवा कांग्रेस सेल का चेयरमैन नियुक्त किया गया। ये एनएसयूआइ के जिला महासचिव रहने पर उनके कार्य के प्रति लगन एंव गतिविधियों को देखते हुए इन्हें यह पद दिया गया। झारखंड युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वह हमेशा इमानदारी पूर्वक पार्टी के द्वारा जो भी कार्य दिया जायेगा वह करेंगे और चतरा जिला कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे वही बधाई देने वाले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष मोती पासवान, एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, आभा ओझा, जिला महासचिव राजवीर, नसरुद्दीन अंसारी, शिवेंदु शंकर, अरुण यादव, सचिन पासवान, हंटरगंज उप प्रमुख राहुल गुप्ता, कांग्रेस मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुलकर नैन, अंकित बर्मा, हर्षित चित्रांश, टिंकू पासवान, हासिम बिस्मिल, श्रवन साहू, प्रदीप गुप्ता, रकीबुल इमाम, साकेत बिहारी शर्मा, गौतम आदि सैकड़ो लोगों ने बधाई दी।

# सड़क नहीं, तो वोट नहीं नारे के साथ ग्रामीणों ने निकाली आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**मांडू।** प्रखंड के हेसागढ़ा पंचायत के तोयरा, केरीबंदा और दुधमटिया गांव के ग्रामीणों ने ग्राम विकास समिति के बैनर तले रविवार को आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली तोयरा केरीबंदा से एनएच 33 बीसमाइल तक निकाली गई। रैली में ग्रामीण रोड नहीं तो वोट नहीं और विकास नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए तीनों गांव के दर्जनों महिला पुरुष नारा लगाते हुए एनएच 33 बीसमाइल पहुंचे। इससे पूर्व नव प्राथमिक विद्यालय केरीबंदा में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मोगल चंद्र पटेल ने किया। जिसमें एनएच 33 से केरीबंदा, तोयरा होते हुए तोपा तक कालीकरण सड़क बनाने की मांग कर रहे थे। बैठक में रोड नहीं,तो वोट नहीं, विकास नहीं, तो वोट नहीं के साथ साथ जनप्रतिनिधियों को बहिष्कार करने का निर्णय लिया। साथ ही आगे की रणनीति के तहत परियोजना कार्यालय व प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसके बावजूद अगर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुआ, तो एनएच 33 बीसमाइल में चक्का जाम करने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव मुकेश महतो, प्रवक्ता सूरज कुमार, संजय कुमार, कैलाश मांझी, सुरेशचंद्र पटेल, रेवालाल महतो, सुरेश करमाली, महेंद्र कुमार, सुनील टुडू, रविंद्र तुरी, शंकर तुरी, मंजू देवी, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, जगमति देवी, माला देवी, उपमुखिया बसंती देवी, महेंद्र महतो, ज्ञानी महतो, भगन महतो, राजेंद्र हेंब्रम सहित तीनों गांव के कई ग्रामीण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बच्चों को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार स्थित किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल प्रबंधन ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को अबुल कलाम आजाद पार्क ले जाया गया। जहां बच्चे बहुत ज्यादा उत्साहित हुए। बच्चों ने वहां मस्ती के साथ बहुत सारे झूलो का आनंद लिया। स्कूल निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया की बच्चो को स्कूल से बाहर भी ले जाना जरूरी है। ताकि वो नयी चीजे देख सके और उनसे कुछ सीख सके। ऐसे भ्रमण से बच्चो में जागरूकता आती है। भ्रमण के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रोजी परवीन, शिक्षिका निक्की सिंह, विधि शुक्ला, श्रेया शर्मा, अंजली कुमारी, जया मिश्रा, प्रीति कुमारी उपस्थित रहे।

### सर्व ब्राह्मण महासभा की प्रखंड समिति का गठन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** रविवार को टाऊन हॉल टंडवा में सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता संयोजक अक्षयवट पांडेय, संचालन सुमन भारतीय ने किया। सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ तथा मौजूद सभी लोगों को अंगवस्त्र भेंट किया गया। वहीं आपसी एकजुटता की प्रतिबद्धता दुहराते हुए सर्वसम्मति से प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय, उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, संजीव तिवारी, ब्रजकिशोर पांडेय, महासचिव प्रकाश पाठक, सचिव सुभन भारतीय, गोविंद पंडा,कोषाध्यक्ष धनंजय चौबे, मिडिया प्रभारी शशि पाठक,संरक्षक अक्षयवट पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, गणेश मिश्र, विजय चौबे, गोविंद तिवारी,नीरज तिवारी, नंदकुमार पाठक, मिथिलेश पांडेय,विजय गिरि, अरविंद पांडेय, विकास पांडेय बनाये गये। वहीं मौजूद दिव्यांग सोमेश को हौसलाफजाई करते हुवे ब्राह्मण समाज ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। आपको बता दें, विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ इच्छाशक्ति के बदौलत दोनों सहोदर भाईयों जिनमें नेत्रहीन दिव्यांग सुदर्शन रक्षा विभाग तथा सोमेश एसएससी में सफलता प्राप्त किये हैं। इस मौके पर युगल किशोर पांडेय, छेदी पांडेय,विकास चतुर्वेदी, कामेश्वर पांडेय,उदय पांडेय, धनंजय पांडेय,दिलीप पांडेय,साकेत पांडेय, कृष्णकांत, नित्यानंद समेत अन्य मौजूद थे।

### मुखिया ने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू परिसर में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया। विधिवत उद्घाटन कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा के हाथों फीता काटकर किया गया। मौके पर जयकुमार ओझा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और डिजिटल अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान के लिए लैब का उदघाटन किया गया है। जो छात्रों को आधुनिक तकनीकी संसाधन प्राप्त करने व स्कूल के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। स्थानीय प्राधिकारी ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सहयोग के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। मौके पर मौजूद लोगों ने नई कंप्यूटर लैब के बारे में जानकारी लिया। साथ ही, छात्रों को मिलने वाली आधुनिक तकनीकी सुविधाओं व संसाधनों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। मौके पर स्कूल निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने भोजन वितरण किया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपीएल फांउडेशन के मिशन जीरो हंगर बलकुदरा के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन पतल बेचने आने वाले गरीबो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जायसवाल ने लगभग 120 गरीब-असहाय जरूरतमंदों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया की पिछले आठ वर्षो से सबों के सहयोग से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ जय मेहता, रविंद्र पांडेय, लखन राम, मो शाहिद अली, संजू सिन्हा, कन्हैया कुमार, रमेश सोनी आदि का विशेष योगदान रहा।

### रोटरी क्लब-डिवाइन ओंकार मिशन का मोतियाबिंद जांच शिविर संपन्न




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा और डिवाइन ओंकार मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन परमजीत सिंह धामी के नेतृत्व में लगे शिविर में डॉ इफ्तेखार आलम व सहायक पी मोहंता द्वारा 64 लोगों के आंखों की जांच की गयी। जिसमें 17 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। मौके पर क्लब के रोटेरियन सचिव सुनील प्रसाद ने बताया की शिविर में पाये गये सभी चिन्हित मरीजों का बीपी और शुगर जांच किया जायेगा। रिपोर्ट सही आने के बाद मोतियाबिंद के सभी मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए आगामी 4 जनवरी को डिवाइन ओंकार नेत्र अस्पताल रामगढ़ भेजा जायेगा।

### ब्राउन शुगर बनाने नकेमिकल के साथ गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर तैयार करने में उपयोग किए जाने वाले केमिकल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा के नेतृत्व में गठित टीम ने सदर थाना क्षेत्र के होलमगड़ा गांव में शीतल यादव के घर छापामारी किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने घर में रखे काले रंग के प्लास्टिक में आधा किलो केमिकल बरामद किया और शीतल यादव का पुत्र सौरभ यादव को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी के अलावा सदर थाना प्रभारी समेत पुलिस के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नयी भारतीय न्याय संहिता

भारतीय संसद ने इस हफ्ते नयी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को पारित कर दिया, जो पुराने भारतीय दंड संहित (आइपीसी) का स्थान लेगा। इस बिल में एक बदलाव है, जो डॉक्टरों के लिए राहत की बात हो सकती है, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि यह जरूरी नहीं था। बीएनएस की धारा 106 में लापरवाही से हुई मौत के लिए अधिकतम 5 साल की जेल और जुर्माना का प्रावधान है। हालांकि, इलाज में लापरवाही के मामले में इस सजा को कम करके अधिकतम दो साल की जेल और जुर्माना कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह बदलाव भारतीय मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के अनुरोध पर किया गया है। मेडिकल नेग्लिजेंस कानून की तीन धाराओं के तहत आती है। इन धाराओं की व्याख्या कोर्ट के फैसलों से हुई है, जिनमें दो सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण फैसले शामिल हैं। कोर्ट के फैसलों ने डॉक्टरों को लापरवाही के झूठे आरोपों से बचाने के लिए कई सुरक्षा कवच दिये हैं।

**कोर्ट के फैसलों ने डॉक्टरों को लापरवाही के झूठे आरोपों से बचाने के लिए कई सुरक्षा कवच दिये हैं। एक महत्वपूर्ण फैसले में मेडिकल नेग्लिजेंस और पेशेवर लापरवाही के बीच अंतर बताया गया है।**

एक महत्वपूर्ण फैसले में मेडिकल नेग्लिजेंस और पेशेवर लापरवाही के बीच अंतर बताया गया है। इसमें कहा गया था कि थोड़ी लापरवाही या गलत फैसला लापरवाही का सबूत नहीं है। इन सिद्धांतों को दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य फैसले में दोहराया गया था। मेडिकल प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता के कारण डॉक्टरों को मुकदमे दर्ज होने से भी बचाया गया है। उदाहरण के लिए बिना किसी योग्य डॉक्टर की राय के कोई निजी शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती। अगर शिकायत दर्ज हो भी जाती है, तो जांच अधिकारी को भी अलग से चिकित्सकीय राय लेनी पड़ती है। डॉक्टरों की गिरफ्तारी अपवाद है, नियम नहीं। मौजूदा कानून और कोर्ट के फैसले पहले से ही डॉक्टरों को लापरवाही के आरोपों से काफी सुरक्षा देते हैं। लापरवाही का मामला बनाना मुश्किल है और सफलतापूर्वक मुकदमा चलाना और भी मुश्किल। ऐसे में एक दुर्लभ मामले में जहां डॉक्टर को लापरवाही का दोषी पाया जाता है, वहां उनके लिए सजा कम करने की आइएमए की मांग का कोई मजबूत आधार नहीं दिखता है। शायद भविष्य में बीएनएस में एक और संशोधन के जरिए इस पर पुनर्विचार किया जाये।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**दिल के दौरे और एंजाइना के पीड़ितों में 60 से 70 प्रतिशत पीड़ितों को कुछ मिनटों में (2 से 10 मिनटों में) कार्डियक अरैस्ट अर्थात रोगी के दिल-दिमाग को ऑक्सीजन ग्लूकोज की कमी होने के कारण वह काम करना बंद कर देता है, जिसे कार्डियक अरैस्ट कहते हैं, जिसे मैडीकल विशेषज्ञों के अनुसार इंसान की मृत्यु समझी जाती है और डाक्टरों की ओर से मरीज को मृतक घोषित कर दिया जाता है।**

# दिल के दौरे और एंजाइना के बढ़ते मामले


**काका राम वर्मा**

भारत में प्रत्येक वर्ष डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को दिल का दौरा पड़ता है। जब बच्चों, नौजवानों को ग्राऊंड में भागते हुए, भारी कार्य करते हुए, नाचते-गाते हुए और जोर लगाते हुए दिल का दौरा पड़ता है, तो उसे एंजाइना हार्ट अटैक कहते हैं। दिल के दौरे और एंजाइना के पीड़ितों में 60 से 70 प्रतिशत पीड़ितों को कुछ मिनटों में (2 से 10 मिनटों में) कार्डियक अरैस्ट अर्थात रोगी के दिल-दिमाग को ऑक्सीजन ग्लूकोज की कमी होने के कारण वह काम करना बंद कर देता है, जिसे कार्डियक अरैस्ट कहते हैं, जिसे मैडीकल विशेषज्ञों के अनुसार इंसान की मृत्यु समझी जाती है और डाक्टरों की ओर से मरीज को मृतक घोषित कर दिया जाता है।

इसी कारण अक्सर मरीज की नब्ज, दिल की धड़कन, श्वास क्रिया और आंखों का हिलना-जुलना बंद देख कर मृत घोषित कर दिया जाता है। 40-50 वर्ष पूर्व केवल बुजुर्गों, अधिक नशे करने वालों, तनाव में रहने वाले लोगों को अचानक दिल का दौरा पड़ता था। मगर वर्ष 2000 के बाद से और अब 8 से 10 वर्षों के बच्चों से लेकर 25-30 वर्षों के नौजवानों और बड़ी उम्र के लोगों को अचानक दिल का दौरा पड़ता है। अस्पताल पहुंचने से पहले ही 60 से 70 प्रतिशत पीड़ितों की मौतें हो रही हैं।

**बेशक दिल के दौरे के अनेकों कारण हैं, मगर मुख्य कारण रक्त धमनियों, फेफड़ों, दिल और दिमाग में ऑक्सीजन और ग्लूकोज की कमी है।**

गुरदासपुर में एक 12 वर्षीय बच्चे को घर के अंदर बैड पर बैठे हुए मोबाइल देखते-देखते बेहोशी हो गयी। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि दिल के दौरे के कारण बच्चे के दिमाग को ऑक्सीजन और ग्लूकोज की सप्लाई बंद हो गयी, जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। ज्यादातर अभिभावकों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को फर्स्ट ऐड की एबीसी, रिकवरी पोजीशन, वैंटीलेटर बनावटी सांस देने की क्रिया और सीपीआर के बारे में जानकारी ही नहीं होती। एक युवक को जगराते में नाचते हुए दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौके पर मौत हो गयी।



**पानी की कमी के कारण खून गाढ़ा होने लग जाता है। गाढ़ा खून अर्थात कोलैस्ट्रॉल, खून में चर्बी और चीनी तथा नमक के बढ़ने के कारण दिल का दौरा पड़ता है। विदेशों में गये हमारे आरामप्रस्त मां-बाप के लाडले बेटों को खाने को केवल फास्ट फूड, जंक फूड और पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स ही मिलते हैं।**

आजकल बच्चे, नौजवान और उनके पारिवारिक सदस्य फास्ट फूड और जंक फूड के साथ-साथ कोल्ड ड्रिंक का अत्यधिक इस्तेमाल करते हैं। घर के सदस्य कभी भी व्यायाम या फिर योग नहीं करते। न ही उन्हें साइकलिंग, स्वीमिंग, दौड़ते या धूप में बैठे देखा जाता है। शरीर में पसीना नहीं आता और लोग अक्सर बंद कमरों में बिस्तर और सोफों पर बैठे दिखायी देते हैं और घर के अंदर शुद्ध ऑक्सीजन की कमी बनी रहती है। गैस, कब्ज और फास्टफूड या जंक फूड के कारण लिवर और खून में गंदगी पड़ी रहती है। लोग पानी भी कम पीते हैं।

ताजे फलों, सब्जियों का इस्तेमाल बहुत ही कम किया जाता है। कमर, पेट, छाती और टांगों के कपड़े ज्यादा तंग होने के कारण आंतों में रक्त का संचार कम होता है।

बेशक दिल के दौरे के अनेकों कारण हैं, मगर मुख्य कारण रक्त धमनियों, फेफड़ों, दिल और दिमाग में ऑक्सीजन और ग्लूकोज की कमी है। फास्टफूड, जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक का अधिक इस्तेमाल होने के कारण बच्चों और नवयुवकों की नाड़ियों में चर्बी की मात्रा बढ़ती जाती है। कोल्ड ड्रिंक्स, फास्ट फूड, जंक फूड, बासी भोजन और मैदा नाड़ियों में चर्बी की मात्रा को बढ़ाते हैं, जिस कारण 29 प्रतिशत बच्चे मोटापे का शिकार हैं। रक्त को साफ करने के लिए पानी, खट्टे फल, दही, लस्सी सबसे अधिक लाभदायक होते हैं।

पानी की कमी के कारण खून गाढ़ा होने लग जाता है। गाढ़ा खून अर्थात कोलैस्ट्रॉल, खून में चर्बी और चीनी तथा नमक के बढ़ने के कारण दिल का दौरा पड़ता है। विदेशों में गये हमारे आरामप्रस्त मां-बाप के लाडले बेटों को खाने को केवल फास्ट फूड, जंक फूड और पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स ही मिलते हैं। थकावट, कमजोरी, बेचैनी और बेआरामी को दूर करने के लिए घटिया किस्म के नशों के इस्तेमाल के कारण दिल के दौरे पड़ते हैं।

90 प्रतिशत लोगों जिनमें विद्यार्थी, शिक्षक, नागरिक, पुलिस, फैक्टरी श्रमिक और घरेलू महिलाओं तथा बुजुर्गों को यह ट्रेनिंग ही नहीं कि दिल के दौरे की निशानियां क्या हैं? उन्हें यह भी नहीं पता कि फर्स्ट ऐड, सीपीआर रिकवरी पोजीशन और बनावटी सांस क्रिया कैसे करनी चाहिए।

दुर्घटनाग्रस्त या जख्मी हालत में बेहोश बच्चों, नौजवानों और लोगों की मदद करने वाले लोग तुरन्त ही उन्हें पानी पिलाते हैं। पानी बेहोश इंसान की श्वास नली में जाकर सांस बंद कर देता है और सांस बंद होने के कारण इंसान की 2 या 3 मिनटों में ही मृत्यु हो सकती है। दिमाग को 2-3 मिनट ऑक्सीजन, ग्लूकोज की सप्लाई बंद हो जाये तो दिमाग मरना शुरू कर देता है।

लोगों, अध्यापकों, पुलिस और फैक्टरी कर्मचारियों को कभी भी किसी पीड़ित को मरा हुआ नहीं समझना चाहिए। मौत की पुष्टि केवल सीनियर डाक्टर ही कर सकते हैं। हमारी ओर से फर्स्ट ऐड, सीपीआर, रिकवरी पोजीशन, वैंटीलेटर बनावटी सांस क्रिया की ट्रेनिंग दी जाती है और इसके लिए हम पंजाब के मुख्यमंत्री, शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा विभाग और पटियाला के डिप्टी कमिश्नर और जिला शिक्षा अधिकारी को अनेकों बार पत्र भेज कर उनकी मंजूरी और सहयोग मांगा है ताकि विद्यार्थियों, अध्यापकों और मां-बाप तक यह ट्रेनिंग घर-घर पहुंचाई जाये मगर सरकार और संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई भी सहयोग नहीं दिया जा रहा, जबकि यह ट्रेनिंग हम मुफ्त में देने के लिए तैयार हैं।

**(लेखक : भारत सरकार के आपदा प्रबंधन सिविल डिफैंस फर्स्ट ऐड सीपीआर ट्रेनर हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड सरकार की सद्बुद्धि के लिए भाजपा ने किया सामूहिक हवन पूजन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के खिलाफ सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। रविवार को सरकार के चुनावी वादों को लेकर संवेदनहीनता पर सद्बुद्धि के लिए भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से जिला भाजपा कार्यालय में सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित हवन में पार्टी के वरीय नेताओं के संग बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस अवसर पर पांच सदस्यीय यज्ञाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से हवन संपन्न किया गया। इस दौरान दिशाहीन बाली सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए समस्त देवी-देवताओं से प्रार्थना की गयी। मौके पर कार्यकताओं ने कहा सीएम हेमंत सोरेन की बुद्धि-शुद्धि के लिए विशेष हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, देवेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, राजन सिंह, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, बिमल बैठा, काजू शांडिल, सुमित शर्मा, मिथिलेश साव, संतोष कुमार, अजय झा, कुमार अभिषेक, महावीर सिंह, सुशील पांडेय, मनोज वाजपेयी, रेणु शर्मा, विजय गौंड, राकेश राय समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 12वीं चतरा जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशीप का आयोजन 27 को होगा

**विभिन्न प्रखंडों के 14 से 16 वर्ष के आठ सौ प्रतिभागी लेंगे हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जिला एथलेटिक्स संघ के के तत्वाधान में आगामी 27 दिसंबर को जिला मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 14 से 16 आयु वर्ग का 12वीं जिलास्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में जिले के सभी प्रखंडों से करीब 800 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आज रविवार को चतरा परिसदन के सभागार में एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को खेल कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गयी। रजिस्ट्रेशन कमिटी, खेल संचालन कमिटी, मंच संचालन कमिटी, अतिथि स्वागत कमिटी, सामग्री सुरक्षा प्रभारी, भोजन व्यवस्था कमिटी, सर्टिफिकेट कमिटी, तकनीकी कमिटी, बालक/बालिका खिलाड़ी सुरक्षा कमिटी और ज्यूरी कमिटी का गठन किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) ऊँची कूद, लंबी कूद, 60 मीटर, 80 मीटर और 600 मीटर की दौड़ समेत कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जायेगा। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष विजय केसरी, गणेश महतो, सिकेश कुमार महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## क्रिसमस डे को लेकर जोरों पर चल रही चर्च में तैयारी

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** क्रिसमस को लेकर प्रखंड के विभिन्न गिरजा घरों में तैयारियां जोरों पर है। इस बार क्रिसमस की जश्न मनाए जाने को लेकर गिरजाघरों को आकर्षक रंगों, लाइटों व झालरों से सजाया जा रहा है। चट्टी स्थित कैथलिक गिरजा घर में प्रभु यीशु के आगमन को लेकर चर्च की साफ-सफाई व रंगरोगन का कार्य किया जा रहा है। गिरजा घर की देखरेख करने वाले ने बताया कि प्रभु यीशु के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रविवार की रात से यीशु के आगमन को लेकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। वहीं सुबह 25 दिसंबर को प्रार्थना सभा खत्म होने के बाद लोगों द्वारा माता मरियम के प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर प्रार्थना किया जायेगा। वहीं क्रिसमस के दो दिन ही बचे है जिसको लेकर बाजार में अब लोग खरीदारी को पहुंचने लगे है। क्रिसमस की तैयारियों को लेकर खरीदारी कर रहे इसाई धर्मावलंबी ने बताया कि इस बार अपने परिवार के साथ चर्च जाकर प्रार्थना के बाद अपने परिवार और दोस्तों के साथ क्रिसमस का जश्न मनायेंगे।

## ग्रामीणों ने मंत्री से नाली निर्माण का मांग रखा

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के ग्रामीणों ने मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव को आवेदन देते हुए लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ स्थित सेरेंगहातु ग्राम में सड़क किनारे नाली निर्माण के लिये ग्रामीणो द्वारा मांग किया है। वहीं ग्रामीणों ने मंत्री से बताते कहा कि सड़क किनारे नाली नही होने से गांववासियों को काफी परेशानी होती है और बरसात के दिनों में रास्ता में और सड़क किनारे घर मे गंदा पानी घुस जाता है, जिसे रास्ता चलना काफी कठिन होता है और गंदा पानी जमने से बीमारी बढ़ने का खतरा रहता है, साथ ही इमरान आजाद अंसारी, शमशाद अंसारी, सरफुल अंसारी, तनवीर अंसारी, रेशमा नाज, साहिना खातुन, संजय कुमार, गुलशबा परवीन, शिफत परवीन, समसुल अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुषों ने मंत्री डॉक्टर उरांव को बताते हुए कहा कि लगभग 2 माह पूर्व लोहरदगा उपायुक्त को आवेदन दे कर नाली निर्माण के लिये मांग किया गया था। परंतु आज तक कोक ठोस करवाई नही हुआ है।

## विद्युत चोरी के आरोप में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** कनीय विद्युत अभियंता विद्यूत आपूर्ति शाखा रामगढ़ तीन के कालीनाथ सिंह मुंडा ने अवैध रूप से विद्यूत चोरी करने की पांच लोगों पर रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराइ है। आवेदन में जेई मुंडा ने कहा कि विद्यूत चोरी रोकथाम को लेकर 23 दिसंबर को छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में जेई रामगढ़ एक के अनिल कुमार मार्डी, प्रधान सारणी सुरेंद्र राम, राजनाथ महतो शामिल थे। इस टीम ने बंगाली टोला निवासी जयंत गोस्वामी 10500, मांझ टोला कोठार नेमधारी महतो 5500, दिनेश महतो 10500, टोटो कोठार निवासी रवि राम 7500 व कोठार निवासी विकास रविदास पर 7500 रूपया का जुमार्ना लगाया गया है। इस संबंध में रामगढ़ थाना में 287/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा थाना के समीप अपराध रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान पु0अ0नि0 गणेश कुमार यादव ने शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया, चार पहिया तथा बॉक्साइट लदा वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन संबंधित कागजातों का जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान एस आई गणेश कुमार यादव ने कहा की आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। मौके पर पु0अ0नि0 गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

# जहां लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल था वहां दौड़ेगा चार पहिया वाहनः अंबा प्रसाद

**विधायक अंबा प्रसाद ने बुंडू में 6 करोड़ की लागत से होने वाले सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बूंडु के दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा और लगातार जिला के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने के बाद दोनों पथों के निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान हुई जिसमें लगभग 6 करोड़ की लागत आयेगी। बुंडू पंचायत के दामोदर नदी से मुख्य पथ ढोठन गंझू के घर तक भाया उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू तक के पथ निर्माण में 3 करोड़ 94 हजार वही अति सुदूरवर्ती मुख्य पथ शल्या टुंगरी से ग्राम हल्दी कोचा तक पथ निर्माण में तीन करोड़ 30 लाख की लागत आयेगी। पारंपरिक रूप से पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि जहां लोग पैदल भी नहीं जा सकते थे वहां भी सड़क बन रहा है, अब वहां भी चार पहिया वाहन दौड़ेंगे।

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, विधायक प्रतिनिधि पिपरवार क्षेत्र राजेंद्र गुप्ता, मुखिया तुलसी तुरी, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# एक दिवसीय ट्रेकिंग और सफाई अभियान का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था उड़ान सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय दलमा वन्य जीवन अभयारण्य ट्रेकिंग और सफाई अभियान का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित अभियान में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उड़ान सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा यह अभियान लगातार बीते पांच वर्षों से सफल आयोजन के साथ की जा रही रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति से जोड़ना और उनको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ करने हेतु प्रेरित करना है। दलमा जीवन अभयारण्य ट्रेकिंग कार्यक्रम का संचालन खेल मंत्रालय द्वारा चयनित और हिमालय इंस्टीट्यूट ऑफ दार्जलिंग के द्वारा बेसिक माउंटेनिंग कोर्स कर चुके रणवीर कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चयनित व हिमाचल में पर्वतारोहण का अनुभव रखने वाले राजीव रंजन और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चयनित गुवाहाटी में प्रशिक्षण का अनुभव प्राप्त शुभम कुमार को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गयी। मौके पर विशाल पांडे, विकाश पांडे, दुलारी हेमब्रॉम, मानस पॉल, संगीता मोहंती, रागिनी दास, अनीशा, निखिल,खुशी सिंह, आकाश, अनिता, प्रकाश, आदेश ने अहम भूमिका निभाया।

# विकास के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार: मिथिलेश

**गढ़वा में साढ़े दस करोड़ की लागत से 42 सरना स्थलों का होगा संरक्षण और विकास**

आजाद सिपाही संवाददाता



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगभग साढ़े दस करोड़ रुपये की लागत से 42 सरना स्थलों का संरक्षण और विकास कार्य किया जायेगा। इस संबंध में झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसरटेटूका पंचायत के पेंदली गांव स्थित माडर बाबा सरना मांडर देवस्थल का संरक्षण और विकास कार्य 24 लाख 53 हजार 200 रुपये तथा बाना गांव स्थित रामबांध टोला में सरना स्थल का चाहरदीवारी निर्माण कार्य 24 लाख 86 हजार 100 रुपये की लागत से किया जायेगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार पूरे राज्य में सभी मूलभूत सुविधाओं सहित जनोपयोगी योजनाओं, धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास आदि सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पूरे राज्य में हर क्षेत्र में काफी तेज गति से विकास कार्य कर रही है। राज्य में सीमित संसाधन होने के बावजूद बेहतर विकास कार्य कर पाना विपक्षियों की आंखों में चुभ रहा है। यही कारण है कि विपक्ष में बैठे लोग दिन रात बस एक सूत्रीय अभियान में लगे हुए हैं कि कैसे झारखंड सरकार को अस्थिर किया जाये। परंतु वे अपने इस नापाक मंसूबे में कभी कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। जनता ने अपने राज्य के लिए, बेहतर कार्य करने वाला सेवक चुना है। सरकार पूरी तरह से राज्यवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है। विरोधियों के नापाक इरादों का गढ़वा सहित राज्य की जनता आगामी चुनाव में मुंह तोड़ जवाब देगी।

# जेजेएमपी दस्ता का एक और सदस्य गिरफ्तार

**गिरफ्तार नक्सली के निशानदेही पर हथियारों का जखीरा बरामद**

**एरिया कमांडर टुनेश उरांव एवं उसके दस्ता में शामिल लोग जल्द पकड़े जायेंगे : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढवा।** जिले में बीते 17 दिसंबर रविवार के रात्रि में हुई रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा जंगल में पुलिस व जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ था। मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को कलाई में गोली लगी थी। घायलवस्था में थाना प्रभारी को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद थाना प्रभारी का मेडिका रांची में इलाज चल रहा है। मुठभेड़ के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सघन छापेमारी की गयी थी। छापेमारी के दौरान गढ़वा पुलिस ने एक जेजेएमपी संगठन के सदस्य शिवपूजन मुंडा उर्फ शिवपूजन भुईहर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार नक्सली के निशानदेही पर पुलिस ने एक एके 47 रायफल, एके 47 रायफल का तीन मैगजीन, इंसांस रायफल का एक मैगजीन, एके 47 का कैलिबर का 70 गोली सहित कई समाग्री बरामद की थी। छापेमारी दल के द्वारा मुठभेड़ में शामिल सक्रिय क्रियावादी मनोज राम उर्फ मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। वहीं उक्त क्रियावादी के निशानदेही पर ग्राम ढेगुरा और बैदेशी के बीच डुमरियानाला जंगल में अवस्थित पत्थर के खोह से ऊक्त दस्ता के हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कर्मी :** पुलिस उप मुख्यालय संतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक अंचल निरीक्षक रंका रामजी महतो पुलिस अवर निरीक्षक सह रमकंडा थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता पुलिस अवर निरीक्षाक सह चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार राणा हवलदार डोमन मोची आरक्षी लक्ष्मीकांत महतो, अमित हरिश्चंद्र भगत, ओंकार नाथ गिरधारी, नदीम, आदि का नाम शामिल है।

## बरामद हथियार और अन्य सामान

इंसास राइफल एक, इंसास राइफल का मैगजीन एक 5.56 एमएम क्लेलिबर गोली छः, 315 बोर का राइफल चार, 315 में लगने वाला मैगजीन चार, 315 बोर का गोली चार, गोली रखने हेतु पाउच दो।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत भवन में रविवार को मुखिया सबिता गुप्ता मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया के सौजन्य से आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में आयुवेर्दाचार्य डॉ कुमुद रंजन के द्वारा बीपी, शुगर, गठिया आदि लगभग सौ मरीजों की जांचोपरांत निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मरीजों को जागरूक संबोधन में डॉ कुमुद रंजन ने कहा कि यदि आप जीवन शैली और खान पान में सुधार कर ले तो बीपी, शुगर,थायराइड जैसे बीमारी को स्वयं ठीक कर सकते हैं। इस मौके पर सहायक मंजीत कुमार मेहता, सुनिल यादव, चंपा देवी, डॉ दीनानाथ प्रसाद, दिनेश चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने अमर बाउरी का किया स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी का प्रतिपक्ष के नेता बनने पर प्रथम बार गढ़वा आगमन पर नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में टंडवा पूरन चंद चौक पर पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। वे भाजपा नेता जवाहर पासवान के छोटे भाई विजय पासवान के आकस्मिक निधन होने पर उनके शव यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री रवींद्र जायसवाल के टंडवा मोहल्ला स्थित आवास पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, संतोष दुबे महामंत्री, रिंकू तिवारी, रघुराज पांडेय, विनय चौबे, यशवंत मिश्रा, शिव नारायण चंद्र, राजकुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड टीम में गढ़वा के चार खिलाड़ियों का चयन

टीटी के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 76वीं एसजीएफआई अंडर 17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली जाने वाली झारखंड टीम में गढ़वा जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में दिनांक 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गोविंद उच्च विद्यालय के नीतीश कुमार मेहता आदित्य बिड़ला के अनिमेष कुमार पांडेय, और डीएभी मॉडल के उज्जवल कुमार जबकि बालिका वर्ग में शांति निवास उच्च विद्यालय के अंजलि कुमारी का चयन हुआ है। टीम का कोच कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। नेशनल प्रतियोगिता में चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस के पदाधिकारी ने इन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। संघ के संरक्षक संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों ने कम संसाधन में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं अब तक 18 खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उम्मीद है कि एसजीएफआई के प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर राज्य को पदक दिला कर जिले का नाम रोशन करेंगे। संघ के अध्यक्ष मदन केशरी ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों ने राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिला का नाम रौशन किया है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष टेबल टेनिस की विभिन्न आयु वर्ग की राष्ट्रीय और एसजीएफआई प्रतियोगिताएं जो इंदौर, कोलकाता और दिल्ली में आयोजित हैं उक्त प्रतियोगिताओं में गढ़वा जिले के 11 खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बधाई देने वालों मे प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे आदि के नाम शामिल हैं।10

## दूषित जल पीने से 70% बीमारी होती है : डॉ यासिन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में डॉक्टर राधा बाबू की पुण्यतिथि मनायी गयी। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन स्थानीय गोविंद हाई स्कूल और हरिजन मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य किट वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गयी। गोविंद हाई स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर यासिन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आप डिग्री तो हासिल कर सकते हैं, लेकिन पद-प्रतिष्ठा की कामयाबी हासिल करने के लिए ज्ञान और अनुभव की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बच्चे अपने अंदर प्रतिभा उत्पन्न करें। पहले लक्ष्य निर्धारित करें। जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी का चयन करें।

# साउथ प्वाइंट रोमांचक मुकाबले में पांच रन से जीता

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट सीनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



विजेता टीम के खिलाडियों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने सीपी मेमोरियल स्कूल को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने जीएन कॉन्वेंट स्कूल को सात विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल का मैदान में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शफी के 14 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 9 विकेट होकर 93 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीपी मेमोरियल की ओर से दीपू ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 88 रन ही बना पायी। दूसरे मैच में जीएन कॉन्वेंट स्कूल ने आयुष के 13 रनों के सहयोग से सभी विकेट खोकर 55 रन ही बना सकी। ब्राइट फ्यूचर की ओर से आयुष ने चार विकेट प्राप्त किया। 56 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने तीन विकेट खोकर आर्यन के 20 रन के सहारे जीत दर्ज कर ली। जीएन कॉन्वेंट स्कूल की ओर से युवराज ने दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल के दीपू और स्कूल ब्राइट फ्यूचर के आयुष को दिया गया। इस मौके पर गढ़वा के पूर्व खिलाड़ी सह अधिवक्ता सचितानंद धर दुबे, अभिषेक, रजनीश, प्रबीन मिश्रा, सुमित, नवनीत, धीरज, विशाल, आलोक, आशोतुष रंजन, आदित्य, दिव्य रंजन, मनोज, अभय सहित कई लोग शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विद्वत गोष्ठी का आयोजन




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्वत गोष्ठी का शुभारंभ अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्रो0 प्रशांत सहाय प्राचार्य शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज, अनिल विश्वकर्मा प्रधानाध्यापक मवि नगर उंटारी, अशोक कुमार सिंह सहायक शिक्षक, देवशंकर प्रसाद सहायक शिक्षक और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया। विद्वत परिषद का मुख्य विषय वर्तमान समय में भैया बहन की चुनौतियां था। बैठक में अपना वक्तव्य देते हुए प्राचार्य प्रो0 प्रशांत सहाय ने कहा कि अपने क्षेत्र की भाषा में विभिन्नता होने के कारण बच्चों को समझने में दिक्कत हो रही है। उन्हें भाषा शिक्षण पर विशेष जोर दिया जाय। प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि आजकल के बच्चे रिवाइज नहीं करते हैं जिस कारण उनके दिमाग में बातें नहीं रख पाते हैं उन्हें तथ्य को समझने का प्रयास करना चाहिए।

## पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समाप्त



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को समाप्त हो गया।इसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में सीएस की टीम विजयी रही। जबकि क्रिकेट के सीनियर बालिका वर्ग में गुजरात टाइटन विजयी रही। फुटबॉल में अभियान टीम विजयी रही। इसके अलावे कबड्डी, डिसकस, कुर्सी रेस, शॉर्ट पुट, टॉफी रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि खेलों में कई प्रतिभागी विजेता बने। विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे, प्रिंसिपल नवनीत कुमार द्विवेदी और शिक्षकों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी, मेडल और अन्य पुरस्कार प्रदान किये।

# स्कूल सिर्फ बच्चों को शिक्षा ही नहीं, बल्कि देश व समाज के निर्माण की सीख भी देता है : न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल का 29वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह व स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप व मशाल प्रज्वलित कर एवं खेल ध्वज को फहराकर किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गान, सामूहिक नृत्य और मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि स्कूल सिर्फ बच्चों को शिक्षा ही नहीं देती बल्कि देश व समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का मौका देती है। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि और विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुकेश निरंजन सिन्हा, अनिल पांडेय, धनंजय तिवारी, अभिजीत पांडेय, आनंद सिन्हा, स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे। मंच का संचालन अनुप कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।

## एमआइएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी डॉ एम एन खान ने क्षेत्र का दौर किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम संगठन को मजबूत करने को लेकर प्रखंड स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। एमआईएम पार्टी के गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी डॉ एम एन खान जिला प्रवक्ता रहमान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुक अहमद, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मोजाहिद अंसारी, गुलबहार अंसारी, हाजी नसरुद्दीन, हसनैन मंसूरी आदि ने चिनिया प्रखंड के चिनिया मुरटंगी, मसरा, खुरी, बघमरी आदि गांव में पहुंच कर एमआईएम पार्टी के सिद्धांतों के बारे में लोगों को बताया। डॉ एमएन खान ने कहा कि वर्तमान की सरकार और मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गये, इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। यह पार्टी पिछड़ी आदिवासी दलित दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है।

## ब्याहुत कलवार समाज का सम्मेलन में वरिष्ठ और युवा कमेटी का गठन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ब्याहूत कलवार समाज की ओर से रविवार को शहर के चेचरिया स्थित अलका मैरिज गार्डन परिसर में स्वजातीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व इंस्पेक्टर जोखू प्रसाद, पूर्व सीएस डॉ शशि शेखर वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य विद्यासागर, प्रतिष्ठित व्यवसाई रवि प्रकाश, समाजसेवी कामता प्रसाद, भारत भूषण, नंदलाल प्रसाद, अश्विनी कुमार और पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से समाज के आराध्य देव भगवान बलभद्र की तस्वीर पर पुष्प और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ब्याहुत कलवार समाज के लोगों ने कहा कि कलवार समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यह समाज हजारों वर्ष पहले भगवान बलभद्र के कुल खानदान के हैं। कलवार समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है इसे भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि यह समाज व्यवसाय से भले ही जुड़ा हुआ है, लेकिन सामाजिक और राष्ट्रीय नवनिर्माण में हमेशा से अपना योगदान देता रहा है। इस समाज के लोग दुनिया में जहां भी कहीं है, समाज के विकास के लिए न सिर्फ चिंतित रहते हैं बल्कि उनके विकास के लिए प्रयत्नशील भी रहते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से समाज और धर्म की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।

# राज्य के 15 लाख लोगों का बनेगा ग्रीन कार्ड : मंत्री

**मंत्री ने 17 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन ग्रामीण सड़कों का किया शिलान्यास**

**अन्य दलों से दो सौ लोग झामुमो में शामिल हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को मेराल प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव गेरुआ में करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तीन ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया।

जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया, उसमें मेराल डंडई मुख्य पथ में देवगाना स्टैंड से बजनवा टोला भाया बिछियादामर बस्ती, करियईजरही गेरूआडीह तक 8.150 किमी पथ निर्माण। देवगाना मोड़ से देवगाना पथ 1.300 किमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य तथा देवगाना पीएमजीएसवाई रोड से जरही चरमुहान होते गेरुआडीह आदिवासी टोला तक 4.800 किमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आसपास के बुजुर्गों और गणमान्य लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही लगभग 800 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल विवरण किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को सबकी चिंता है, राज्य के 15 लाख लोगों का ग्रीन कार्ड बनाया जायेगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में पेंशन के लिए कोटा होता था, परंतु आज सभी को पेंशन मिल रहा है। आज गांव में भी, सड़कों का जाल बिछ रहा है। 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि एक विधायक को अपने क्षेत्र में मात्र 10 किलोमीटर प्रति वर्ष कर सड़क बनाने का पावर मिलता है। परंतु मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के चार साल के कार्यकाल में 1600 किलोमीटर सड़क बन गया है तथा बहुत सड़कों पर कार्य चल रहा है। जबकि पूर्व विधायक के कार्यकाल में ग्रामीण सड़कों की क्या हालत थी किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की सोंच है कि जिले पर जो पिछड़ापन और पलायन का अभिशाप है उसको दूर करने के लिए यहां दो-तीन बड़े बड़े कारखाने लगाया जाएगा। मौके पर झामुमो के कई पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बजनवा हनुमान मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़ लगभग 50 हजार की चोरी

**रंका(आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के खरडीहा पंचायत अंतर्गत एन एच 343 पर स्थित बजनवा हनुमान मंदिर में बिती रात्रि चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर कर उसमें रखे लगभग 50 हजार रुपये चुरा लिए। मंदिर के पुजारी श्री निवास पांडेय जब सुबह मंदिर पहुंचे तो देखे कि मंदिर और दान पेटी का ताला टूटा हुआ है और दान पेटी से पैसा गायब है। श्री पांडेय ने इसकी सूचना मंदिर कमेटी के लोगों को दिए और कमेटी के अध्यक्ष बुधन यादव ने इसकी सूचना रंका थाना को दी। सूचना के आलोक में एसआई पिंकू कुमार राणा मदिर पहुंचे और पुजारी से जानकारी लिए। अध्यक्ष बुधन यादव ने बताया कि दान पेटी से चोरी की यह चौथी घटना है। दान पेटी में कितना पैसा था, यह स्पष्ट नहीं है किंतु 50 हजार रुपये का अनुमान लगाया जा रहा है।

## मुखिया ने जन्मदिन पर की अलाव की व्यवस्था

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर केतार स्थित कपूर्री चौक के पास और केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने सार्वजनिक स्थान पर आलाव की व्यवस्था की गयी। मुखिया मूंगा साह ने इस अवसर पर कहा कि लगातार तापमान की गिरावट से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अलाव की व्यवस्था हो जाने से यात्रियों और स्थानीय लोगों को सहूलियत होगी। बताते चले की प्रत्येक वर्ष प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी परंतु अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर आलाव की व्यवस्था नहीं कराया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन दें शिक्षक : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़े। जिला, राज्य और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उक्त बातें विधायक सह सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित स्टार कालोनी में विस्डम ग्रोव एकेडमी उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि देश में क्वालिटी एजुकेशन में सरकारी स्कूलों की तुलना में प्राइवेट स्कूलों का काफी योगदान रहा है। देश की प्रगति के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजें जिससे देश और समाज का विकास हो सके।

लोहरदगा के एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन में प्राइवेट स्कूलों का बड़ा योगदान रहा है। लेकिन अब सरकारी स्तर पर भी क्वालिटी एजुकेशन के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा फर्ज है। कुरआन-ए-पाक में इस्लाम धर्म मानने वालों को दुनिया में इंसानियत, मोहब्बत व शांति बनाए रखने के लिए पैगाम दिया गया है। साथ ही हमारे देश का संविधान भी सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़े।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि कुरआन पाक में शुरूआत ही एकरा से हुई है। जिसका अर्थ होता है पढ़िए। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते है। बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़ें। मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल शबनम परवीन ने बताया कि वे बच्चों को एक बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्मार्ट क्लासेस व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मंच संचालन समाजसेवी नेसार अहमद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शाहिद अहमद ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, पीएस संजय कुमार दुबे के अलावे बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बेटिकट यात्रा कर रहे 189 यात्री पकड़ाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन से उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 189 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 385 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई । जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर शिक्षिकाओं ने लगाया काला बिल्ला



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रांगण में कार्यरत शिक्षिकाओं ने अपने अपने कर्तव्य का निर्वाह्न किया परंतु सभी ने काला बिला लगा कर तथा सरकार की दोहरी नीति के विरुद्ध में किया गया है। विदित हो कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाएं एवं चतुर्थवर्गी कर्मियों को समानता का अधिकार नही दिया जा रहा है। जिसको लेकर झारखंड प्रदेश से निर्देश निर्गत होने के उपरांत सभी विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं चतुर्थवर्गी कमियों ने अपने अधिकार के लिए काला बिला लगा कर राज्य परियोजना निर्देशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची को अवगत कराते हुए कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने देश राज्य के साथ जिला का नाम रौशन करने में खेल, विज्ञान शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में अच्छा व सराहनीय रहा है। उसके बाबजूद दोहरी नीति का उपयोग किया जा रहा है। बताते हुए पांच सूत्री मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिसमें 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं सहायक अध्यापक एवं परियोजना कर्मियों के तहत 4 प्रतिशत वर्षिक वृद्धि किया जाए। 10 साल में सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन किया जाए। बिना दोष या छोटी गलतियों पर शिक्षिकाओं/ शिक्षकेतर कर्मियों को नौकरी से हटाने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। सभी संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए कहा गया कि उक्त पांच सूत्री मांग पर सहमति प्रदान नही किए जाने पर संघ के नेतृत्व में आंदोलन का रूपरेखा तैयार करने पर हम सभी कर्मी बाध्य होंगे।

खबर का असर

# समाजसेवी बबन कुमार ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चिरोखाड़ (चटुआग) पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी एवं समाजसेवी बबन कुमार सिंह, पहाड़ की तलहटी पर आदिवासी परिवार (भोक्ता) निवास कर रहे 35 असहाय गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया साथ ही गांव के सड़क निर्माण में इक्कीस हजार की आर्थिक मदद की। साथ नया कलेंडर 2024 का वितरण उनके द्वारा ग्रामीणों के बीच किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मेरा उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में निवास करने वाले गरीब परिवार इस समय ठंड से बच सकें। कि हम चाहते हैं कि हमें जो बन पड़ेगा वह लोगों के लिए कर सकू। अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि आज भी चिरोखाड़ पहुंचने के लिए अच्छी पहुंच पथ नहीं है। विकास के नाम पर गांव में सिर्फ बिजली पहुंची है, दो नलजल का जलमीनार लगा है और दो लाईट दिखाई पड़ रही है। सांसद आदर्श ग्राम होने के बाद भी यह दशा दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि सांसद सुनील कुमार सिंह कोई भी विकास के कार्य नही किए जिससे हम ग्रामीणों को विकास के नाम पर ठगने का काम किया है। वही श्री कुमार ने कहा कि मैं मुझे तब पता चला जब आजाद सिपाही अखबार में हमने इस खबर को पढ़ा था। मौके पर मुखिया नरेश भगत, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, रंजय सिंह, कुमार गौरव, मंटु सिंह, अभिषेक कुमार, जिवन सिंह, जितेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने युवा रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को भुवनेश्वर (उड़ीसा) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहाँ पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखण्ड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा। भुवनेश्वर यात्रा में इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरूष व एक महिला सदस्य इनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो यात्रा व कार्यक्रम के दौरान इनके साथ रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार इनकी मदद /सहयोग करेंगे। अब तक 158 बटा. सी.आर.पी.एफ. द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में 160 छात्र तथा छात्राएं भेजी जा चुकी हैं।

इधर भुवनेश्वर जाने वाले जत्थे को राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट-158 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. तथा नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में 158 बटालियन के अधिकारियों, जवानों के साथ-साथ नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के अब्दुल फारूख खान, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक एवं उनके अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मस्जिद की दूसरे मंजिला की ढलाई पूरी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट रोड के रहमत नगर में मस्जिद ए औलिया के दूसरी मंजिला की ढलाई की गई। इस दौरान मस्जिद ए औलिया के ढलाई में क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सबाब का हकदार बने। यहां पर बता दें कि लोहरदगा रहमत नगर स्थित मस्जिद ए औलिया की ढलाई कार्यक्रम में पहली कढ़ाही की अत्यधिक बोली तौफिक अंसारी की जानिब से 51 हजार रुपए और दूसरी कढ़ाही की बोली 21 हजार रुपए एवं तीसरी कड़ाही 11 हजार रुपए में लगाई गई। तौफिक अंसारी की जानिब से मौलाना रेयाज के मार्फत तीसरी कढ़ाही डलवाया गया। मस्जिद ए औलिया की ढलाई के दौरान कमेटी के सदर सुफियान खान सेक्रेटरी वसीम अंसारी अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी अफसर कुरैशी, ज्वाइंट सेक्रेटरी मोजम्मिल अंसारी शामिल हुए एवं मस्जिद की दूसरे मंजिला ढलाई को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया। मौके पर सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि मस्जिद ए औलिया की दूसरे मंजिला की ढलाई हो जाने से नमाजियों को नमाज अदा करने में काफी सहुलियत होगी। मौके पर तन्नू, नुसरत, सद्दाम, आसिफ, परवेज, सहादत, तालिब, नफीस, सलमान, प्रिंस, सारिक, साहिल समेत बड़ी संख्या में अंजुमन ए इस्लामिया रहमत नगर कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को छह विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच दस- दस ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया।जंहा ओपनिंग के तौर पर रवि कु गुप्ता व शशि शेखर ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया।जंहा पत्रकार एकादश की टीम आठ ओवर में 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उधर प्रशासन एकादश की टीम की कप्तानी कर रहे बीडीओ राकेश सहाय ने खेल के सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑलराउंडर की भूमिका में दिखाई दिए। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने अपनी तेज और धारदार गेंदबाजी से तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन की टीम ने दो ओवर शेष रहते छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मैच के अंपायर की भूमिका में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और कुमार सावन मौजूद थे। वही मैच के उपरांत दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने एक साथ बैठकर सामूहिक वनभोज का आनंद लिया। प्रशासन की टीम में कप्तान बीडीओ राकेश सहाय, उप कप्तान सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, दिलीप कुमार दास, रवि कुमार, नीरज सिंह, साबिर अंसारी, पिंटू प्रजापति, नवल सिंह, बसंत कुमार, सूर्यनाथ राम, सिकंदर, पपलू और संतोषधर दुबे शामिल थे। वहीं पत्रकार एकादश में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, संतोष कुमार, दीपक राज (कप्तान), शशि शेखर (उप कप्तान), रवि गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा, अख्तर अंसारी, तस्लीम खान, राहुल गुप्ता, सूरज कुमार, राम निवास पाठक और प्रमोद ठाकुर शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में समाजसेवी की मौत

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा- सेमरा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुजी मोड़ के समीप रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी लखन लोहरा (52 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि लखन लोहरा सेमरा सप्ताहिक बाजार से अपने घर सेमरा लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा से साइकल वाले को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर लखन लोहरा दुर्घनाग्रस्त हो गए। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में सामाजिक कार्यकर्ता लखन लोहरा उर्फ सरदार की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गोला टोला निवासी मजदूर सूरत में लापता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गोवाला टोला निवासी मजदूर अशोक यादव पिता हरमोहन यादव मजदूरी करने सदर पंचायत के अम्बवाटोला निवासी दिनेश उरांव के साथ बीते चार दिसम्बर को सुरत गया था।पहुंचने के तुरंत बाद से ही आज तक लापता है। पत्नी धानो देवी ने लातेहार एसपी से मदद की गोहार लगाई है।

पत्नी देवी ने जानकारी देते हुए बताई कि हम गरीब मजदूर परिवार हैं। मेरे पति देहाड़ी के काम करते थे।की बगल के अम्बवाटोला निवासी दिनेश उरांव ने मेरे पति से ज्यादा मजदूरी देने की बात कह कर बीते चार दिसम्बर को यहाँ से अपने साथ मजदूरी करने के लिए सुरत ले गए।और सुरत पहुँच कर मेरे पति मुझसे बात भी किये। उसके बाद से अब तक मेरे पति से कोई बात चीत नहीं हो पा रहा है। और ले जाने वाले दिनेश से पुछे तो उन्होंने बताया कि अशोक छ दिसम्बर कि रात को किसी काम को लेकर अपने कमरे से बाहर गया तबसे दोबारा कमरा में वापस नहीं लौटा। और मैं बहुत परेशान हुं। काफी खोजबीन कर रहा हूँ पर अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।अशोक की पत्नी धानो देवी ने लातेहार एसपी अंजनी अंजन से अपने पति को सकुशल घर वापस कराने का अपील किया है।

## विश्व हिंदू परिषद ने निकाली शोभा यात्रा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राम भक्त शामिल हुए। यात्रा में सभी राम भक्त ढोल नगाड़ा के साथ जय श्री राम के नारे जय हनुमान जय शिव शंकर के नारे जोर-शोर से लगे। कलश यात्रा के निमित 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक हर घर में अक्षत और राम दरबार का चित्र दिया जाएगा। जिले के सभी प्रखंड में हर घर मंदिर मठ पर दीप सज्जा व महाआरती कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता, जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सा गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, समाजसेवी सुभाष सिंह, प्रखंड संयोजक अरविंद यादव, शालू देवी, नेहा देवी, सृष्टि कुमारी, रीना देवी, बिदुमती देवी, साक्षी कुमारी, दिनेश भगत, नंदकिशोर मिश्रा, संत किशोर सिंह, राजेश महतो आदि राम भक्त उपस्थित थे।

## शोभा यात्रा के साथ चलाया गया गृह संपर्क अभियान



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र आयोध्या में श्रीराम लला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी की गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा व गृह संपर्क अभियान चलाया गया। शोभायात्रा राम मंदिर से प्रारंभ हो कर एनएच 22 होते हुए बस स्टैंड, लैंपस, उच्च विद्यालय, नचना होते हुए पुरे नगर क्षेत्र का भ्रमण की गई। इस अवसर पर अयोध्या राम मंदिर से आए हुए अक्षत, एवं कलश को गांवों के सभी मंदिरों में पहुंचाई गई।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के लोगों द्वारा सभी हिंदू परिवारों के घर पहुँच कर पूजित अक्षत, पत्रक व श्रीराम मंदिर का चित्र दे कर यह जानकारी दी गई की 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना सुनिश्चित है। इस अवसर पर विभाग मंत्री विजय यादव, प्रखंड मंत्री चंदन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष झुलन प्रसाद, अरविंद प्रसाद उर्फ गुडुल, राजन प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, पुर्व सांसद प्रतिनिधि पवन प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, पंकज प्रसाद, तुलसी राणा, अरूण साव, हिरामण साव, चंद्रदीप साव, सहित काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।

## न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी-मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार

# नौवीं से तैयारी करने पर लक्ष्य पाना होगा आसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि की ओर से होटल सेलिब्रेशन इन, करकट लातेहार और सिमडेगा के होटल रायल पैलेस गांधी मैदान में रविवार सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था- आगामी आइआइटी (जेइइ) और मेडिकल परीक्षा में कैसे ज्यादा अंक-अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करें, ताकि सफलता प्राप्त हो। सेमिनार को संबोधित करते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। न्यूटन ट्यूटोरियल्स के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। जेइइ-मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है 11वीं कक्षा। हालांकि अगर योजना कक्षा 9वीं से बनाते हैं, तो बहुत ही अच्छा है। मगर दसवीं के बाद तो जरूर तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी के पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ नहीं समझें, उसे इंज्वाय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

**क्विज प्रतियोगिता के बाद पुरस्कार वितरण :** क्विज प्रतियोगिता में संत जेवियर एके-डमी लातेहार, लातेहार पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा के बच्चों के बीच पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में संत जेवियर्स एकेडमी कक्षा 9वीं के अमनदीप कुजूर, रोबिन मिंज, नंदिनी महतो, कुमारी भव्या, मोनिका कुमारी, रितेश कुमार, धनंजय सिंह, मनीष कुमार, आर्यन कुमार, मधु कुमारी, सुप्रिया कुमारी, आर्यन मिश्रा, विवेक चौधरी, विवेक कुमार और कक्षा दसवीं के रहील खान, कन्हैया पांडेय, सक्षम गुप्ता को पुरस्कार मिला।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए (आइआइटी/ मेडिकल)। एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को होगा। विस्तृत जानकारी एनटीपीएल के कार्यालय से ली जा सकती है। फोन नंबर 0651-2563018, 9204793521, 9708423600 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित सोसो मोड़ के समीप शनिवार की रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार घाघरा थाना अंतर्गत रुकी गांव निवासी 35 वर्षीय शंकर कुमार साहू पिता जमन साहू की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एस आई राजू कुमार और सगीर आलम घटनास्थल पहुंचे। शव को पुलिस वाहन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया एक बाइक से तीन लोग खुंटी फुआ के यहां गए थे। मृतक अकेले लौटा या उसके साथ और लोग थे उसका पता नहीं। वही घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने देखा बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि युवक हेलमेट पहना था। कुछ लोगों ने शनिवार की रात 9:00 बजे फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

घटनास्थल पहुंचकर पुलिस बाइक को जप्त कर थाना ले आई। जबकि मृतक को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसे शव गृह में रखा गया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। वही बताया जाता है कि युवक शादीशुदा था और उसके दो बेटियां हैं। वही सदर अस्पताल आए परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अनियमितता का आरोप लगा कराया गया काम बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** पुल निर्माण में अनियमितता बरतने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने बंद कराया निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत आरईओ विभाग से भरनो के गुलेचीटोली से आमलिया, अम्बाटोली तक 10.100 किमी एवं एनएच 23 दुम्बो से ढांडकेशा तक 9.600 किमी पक्की सड़क जीर्णोद्धार कार्य पैकेज में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से गौरी कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है । इस निमित गुलैचीटोली में पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है । जिसमे भारी अनियमितता बरती जा रही है । जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि रामनंदन शाही,कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव,उत्तरी भरनो मुखिया मंजू देवी, पंचायत समिति सदस्य चांगो उराँव को दिया । सूचना पर सभी जनप्रतिनिधि निर्माण स्थल पहुंचे , और जांच पड़ताल किया । जहां उन्होंने कार्य मे भारी गड़बड़ी पाया । इस पर विभाग के पदाधिकारी के सूचना देकर काम बंद कराया । इस संबंध में संसद प्रतिनिधि रामनंदन शाही एवं कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव ने बताया कि पुल का जोड़ाई एक ट्रैक्टर बालू में 2 बोरी सीमेंट दिया जा रहा है । जो काफी दयनीय है । साथ ही सड़क के दोनो किनारों से मिट्टी काट कर डाला जा रहा है । जिससे जमीन के रैयत काफी नाराज हैं । जबतक विभाग के पदाधिकारी कार्यस्थल पर आकर प्राकलन के आधार पर काम नही कराएंगे तबतक काम नही होने देंगे । कार्य मे लीपापोती कर पूरा करने की कोशिश की जा रही है । लगता है संवेदक और विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण किया जा रहा है । इस संबंध में विभाग के सहायक अभियंता से मोबाईल पर बात की गयी । उन्होंने कहा कि मैं मंगलवार को कार्य स्थल पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराउँगा । उन्होंने मुंशी को कहा कि मेरे आने तक काम बंद रखो । मौके पर भाजपा नेता हरिशंकर शाही, एतवा उरांव, हाकिम खान, पंडरु उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी अहमद मीर को दी बधाई

**अविनाश पांडेय के उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर गुमला के कांग्रेसियों ने दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय के उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर गुमला के कांग्रेसियों ने उन्हे बधाई दी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश का कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले 62 वर्षीय गुलाम अहमद मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

मीर को पश्चिम बंगाल के प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों ने नए प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया है और अविनाश पांडेय को शुभकामनाएं प्रदान की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी आभार जताया है। जिन्होंने अल्पसंख्यकों के बीच उत्पन्न दूरियों को पाटने और संगठन की मजबूती की दिशा में बेहतर निर्णय लिया।

प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने यह भी कहा कि निश्चित अब मीर साहब के नेतृत्व में पार्टी सशक्त व मजबूत होगी। पांडेय यूपी की जिम्मेवारी बखूबी निभाएं। यही कामना है। मीर को बधाई देते हुए स्वागत करने वालों में महिला अध्यक्ष अमृता भगत, उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, राजनील तिग्गा, मुरली मनोहर प्रसाद, अमर प्रदीप कुजूर, रामनिवास प्रसाद, हिमेश कुमार, अरूण गुप्ता, रोहित उरांव आदि के नाम शामिल है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकर ने ठंड से बचाव के लिए किया कंबल वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कड़ाके की ठंड के मद्दे नजर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, गुमला, तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारीयो के द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। तत्पश्चात प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेश अनुसार सचिव डालसा के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें लीगल एड डिफेंस के अधिवक्ता, डालसा कर्मचारी एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा गुमला बस स्टैंड, टावर चौक, पटेल चौक, आदि, जगहों में रात के समय दौरा कर जरूरतमंद लोगों तथा महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। इसी बीच बस स्टैंड पड़ाव से एक जरूरतमंद व्यक्ति को रेस्क्यू कर रैन बसेरे में भेजा गया। प्राधिकार के सचिव श्री पार्थ सारथी घोष ने बताया कि माननीय प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, गुमला, के मार्गदर्शन पर तथा जिला प्रशासन की मदद से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया तथा ठंड के मौसम में डालसा के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण प्रत्येक वर्ष किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से कोई परेशानी ना हो तथा ठंड से वह अपना बचाव कर सके।

# हम लोग बड़े सौभाग्यशाली हैं कि राम मंदिर बनते हुए देख रहे हैं: मनीष

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड के डोम्बा पंचायत के अंबवा गांव में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का बैठक का आयोजन किया गया। जहां गुमला विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, विभाग मंत्री केशव चन्द्र साय, जिला सह मंत्री मनीष बाबू, गुमला के वरिष्ठ वकील कौशिक, राज वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बैठक में केशव चन्द्र साय ने कहा की धर्मांतरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे अनेकों धर्म विरोधी ताकतों से लोगो को बचने की अपील करते हुए कहा की हमारे प्रखंड सहित पूरे भारत में इस तरह की धर्म विरोधियों के द्वारा हिन्दुओं को अपने धर्म के प्रति भटकाया जा रहा है। इससे बचने की जरूरत है। जाती पाती में हमें बांट करके भड़काया जा रहा है। इससे दूर होने की जरूरत है। आज हमारे हिंदू समाज को जाति-पाति छोड़कर एक होना ही पड़ेगा। अपनी बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए हम सभी को खड़ा होने की आवश्यकता है। अपना कमाओ खाओ के चक्कर में हम अपने धर्म को भूलते जा रहे हैं।

मौके पर मनीष बाबू ने बताया की हम लोग बड़े सौभाग्यशाली है कि राम मंदिर बनते हुए देख रहे हैं। आगामी 22 जनवरी 2024 को सभी कोई अपने-अपने घरों पर शाम में दीपावली की तरह ही दिया जलाएंगे और हर घर में एक हनुमान जी का झंडा गाडकर अपना हिंदू समाज का परिचय देंगे। सथी ही उन्होंने पूरे प्रखंड वासियों से अनुरोध किया कि पूरे प्रखंड के सभी मंदिर को अयोध्या की तरह सजानी है।

इस मौके पर गुमला जिला धर्म रक्षक प्रमुख विखेश्वर नागमणि, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष सुदामा केसरी, उपाध्यक्ष कुलदीप महतो, कैलाश महली, दुर्गा वाहिनी के आरती देवी, अजय महली, विवेक महतो, अमन ठाकुर, कैलाश महली सर्जुन महली, मारवाड़ी, सूर्यनाथ महतो, राजेंद्र साहू, कंचन देवी, मुन्नी देवी भगवती महतो, सुगी देवी, संतोषी देवी,सीतल देवी, सोहोदरी देवी, जमुना देवी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, मुनिया कुमारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बजरंग दल की बैठक संपन्न



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक छठ नगर घाघरा में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में घाघरा प्रखंड के सभी 18 पंचायत से आए सरना सनातनी राम भक्त पंचायत स्तर के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश पंचायत स्तर में वितरण करने हेतु निर्णय लिया गया। वही घर घर अक्षत और अयोध्या जाने को लेकर आमंत्रण पत्र पहुंचाने का संकल्प के साथ बताया गया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हो रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपने प्रखंड तथा पंचायत के सभी मंदिरों में पूजा पाठ किया जाएगा। साथ ही 21 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी 2024 तक कार्यक्रम सुनिश्चित करना है। इसे लेकर अक्षत कलश भी सौंपा गया। अक्षत कलश को अपने गांव के मंदिरों में रखकर पूजा आरती के बाद अक्षत को और आमंत्रण पत्र को 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक घर-घर बाटी जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों में विश्व हिंदू परिषद के मंत्री अजय कुमार गुप्ता, संयोजक निखिल गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, भाजयुमो अध्यक्ष पुप्पू गुप्ता, सुशीत गोस्वामी, मनीष कुमार, उत्तम जायसवाल, बजरंग दल संयोजक नीलेश मनी पाठक, आधार दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## सम्मेलन सह सरना प्रार्थना सभा आयोजित



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सरना धर्म सम्मेलन सह सरना प्रार्थना सभा का आयोजन पालकोट भैरोटोली सारना स्थल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमलेश बारला ने किया जिसमें निर्णय लिया गया की दिनांक 13 जनवरी 2024 को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम प्रखंड कमिटी के द्वारा निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष कमलेश बारला , पुरुषोत्तम कुजूर कुजूर, बुधराम टोप्पो, सरिता मिंज, सुखवंती उराव, नगवा भगत, फिरू खडिया, घसिया उरांव,चैतन उरांव, तारामनी उरांव, श्याम उरांव, समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# आचार्य चयन परीक्षा में शामिल हुए 181 अभ्यर्थी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य चयन परीक्षा 2023- 24 2023- 24 रविवार को संपन्न हुई। प्रांतीय पर्यवेक्षक रमेश कुमार, सह पर्यवेक्षक बिपिन कुमार दास, उत्तम कुमार मुखर्जी और केंद्र अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में इसका अयोजन किया गया। इस परीक्षा में गुमला,लोहरदगा तथा सिमडेगा जिले से लगभग 181 परीक्षार्थी पीआरटी, टीजीटी, पीजीटी तथा कार्यालय सहायक के लिए सम्मिलित हुए।परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, कला विषय के परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा पूर्ण रूपेण शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त रही। शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए अधिकारियों ने परीक्षा कार्य में लगे सभी आचार्यों को धन्यवाद दिया तथा संतोष व्यक्त की।

## मुखिया ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्तरी भरनो पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने समसेरा सहित आसपास के गांव में गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगों के घर पहुंच कर कंबल का वितरण किया। बढ़ती ठंड को देखते हुए मुखिया मंजू देवी ने समसेरा, कंरजटोली, जामटोली बस्ती सहित कई गली मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर जरूरतमंदों तक पहुंच के गरीबों को ठंड से बचने के लिये कंबल बांटी। मौके पर मुखिया मंजू देवी ने कहा कि हमारी जिम्मेवारी बनती है, की खुद से जरूरतमंदों तक पहुंचे और समाज में जरूरतमंदों को तलाश करके सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं को उन तक पहुंचा सकें। मौके पर समाज सेवी कपिल गोप, सहित कई वार्ड सदस्य व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अधिक से अधिक आवेदन भरकर योजना का लाभ लें: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के डुको ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के निमित आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर प्रमोशन, वन अधिकार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। इसके साथ ही कई लाभुकों को केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच कर लोगों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार ने केंद्र की कई योजना की जानकारी दी। साथ ही लोगो को अधिक से अधिक आवेदन भरकर योजना की लाभ लेने की बात कही। ताकि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लोगो को लाभान्वित किया जा सके। वही मुखिया पुनम भगत ने कहा कि भारत सरकार जितनी भी योजनाएं संचालित कर रही है इसका लाभ आम जनता उठाएं। इसके पूर्व भारत को विकसित बनाने में सबकी सहभागिता हो को लेकर संकल्प लिया गया। मौके पर सुनीता उरांव, लक्ष्मी बर्मा, अशोक कुमार, सोनू कुमार, नारायण महतो, अशोक उरांव, क्लेश तुरी, बिल्टू तुरी, विजय साहू, खदी उरांव, तेतरा टाना भगत सहित कई पदाधिकारी, कर्मी, ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## अक्षत कलश का निमंत्रण और अयोध्या से आये हुए पत्रक का हुआ वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश के साथ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं के साथ लोगों ने नगर भ्रमण किया। जानकारी के मुताबिक सबसे पहले सार्वजनिक दूर्गा पूजा मंदिर कामडारा के परिसर से पूजित अक्षत कलश के साथ पदयात्रा शुरू की गई। जो देवी मंडप होते हुये खूंटी-सिमडेगा मुख्य पर यमुना प्रसाद गुप्ता के घर के समीप बने हनुमान मंदिर तक पहूंची। इसके बाद वहां से कामडारा अस्पताल होते हुये वटेश्वर शिव धाम जरिया तक भ्रमण किया गया। वहीं जय श्री राम के नारे भी लगे। 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक घर-घर जाकर पूजित अक्षत कलश का निमंत्रण और अयोध्या से आये हुये पत्रक का वितरण कर लोगों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे शामिल होने का निमंत्रण दें और पुण्य का भागी बनें। इस दौरान रंजन साहु,मनीष साहु,संजय साहु,बबलू रजक,घनश्याम साहु,राममोहन साहु,रवि साहु, संतोष साहु, पंचू साहु, नरेश सिंह, इंद्रदेव साहु सहित अन्य गणमान्य लोग काफी संख्या मे शामिल हुये।

# पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** 24 दिसंबर 2023 को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गुमला, झारखंड में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह 2023 का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम 11:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें विद्यालय के सीसीए विभाग की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि एवं पुरा छात्रों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं पुरा छात्रों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सभी आगंतुक पुरा छात्रों का स्वागत किया, तत्पश्चात कुडुक भाषा में सामूहिक गान गाया गया, एवं छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरा छात्र नितिन कुमार पांडे, ललित साहू, रंजीत उरांव, अखिलेश कुमार व अन्य पुरा छात्रों द्वारा अपने अनुभव एवं विचार छात्रों के साथ साझा किए गए। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन तथा परीक्षा परिणाम की प्रशंसा की तथा जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री आकाश सैनी (प्रवक्ता रसायन विज्ञान) ने किया। अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य भुनेश्वर शाह जी ने आए हुए आगंतुको तथा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का अभूतपूर्व योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार, कृष्णानंद, रामाशीष गोस्वामी, प्रमोद नगेसिया, आमिर सोहेल, दिग्विजय कुमार, अखिलेश कुमार, शिवाजी, अभ्युदय राज तिवारी, फरजाना तबस्सुम, कुहेली नाग, हिमांशी अग्रवाल व अन्य शिक्षकों की गरिमामयी में उपस्थिति दर्ज हुई।

# घटना के बाद बीडीओ और थाना प्रभारी जांच शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के गोया गांव में आगजनी की घटना के बाद बीडियो दिनेश कुमार व थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से जांच शुरू कर दी है। इस निमित्त रविवार को गांव में पहुंचकर गहनता पूर्वक जांच किया गया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत योजना के शिकायतकर्ता इमरान खान के द्वारा लगाए गए आरोप पर भी प्रखंड प्रशासन ने सभी आरोपीयों से पूछताछ करते हुए सबका बयान दर्ज किया है। वही थानेदार अमित कुमार चौधरी ने भी आगजनी की घटना पर हर पहलू पर जांच कर रहे है। इस दौरान लगभग 4 घंटे लगातार जांच चला। इसके पूर्व आग लगे मकान में जाकर सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच किया। इस दौरान बीडियो दिनेश कुमार ने कहा अभी जांच चल रहा है पूरा परिणाम आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वही मौजूद थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा प्रखंड प्रशासन व थाना के द्वारा संयुक्त रूप से जांच किया जा रहा है बहुत जल्द मामला का खुलासा हो जाएगा और आरोपीयो पर कार्रवाई भी किया जाएगा।

## राम मंदिर निमंत्रण एवं अक्षत कार्यक्रम को लेकर हुआ विचार विमर्श

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय अयोध्या राम मंदिर के निमंत्रण एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम को लेकर एक आवश्यक बैठक विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष धीरजानंद पांडेय के कोनबीर स्थित आवास में आयोजित किया गया। बैठक में राम मंदिर निमंत्रण एवं अक्षत कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक मुख्य अतिथि के रूप में प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रान्त सह मंत्री रंगनाथ महतो, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष राजकुमार सिंह, रामाशंकर पांडेय, नित्यानंद पांडेय, दुर्गा मुंडा, आर्यन राम,साहिल राम, करण राम समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर में जमीन से जुड़े कार्यों का भी हो रहा निपटारा



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाये जा रहे शिविर में आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अब योजनाओं के साथ-साथ लोगों के जमीन से जुड़े कार्यों का भी निष्पादन किया जा रहा है। चैनपुर के कंकारी में रविवार को लगाये गये शिविर में रामसेवक ठाकुर का लगान रसीद ऑनलाइन ऑन स्पॉट निर्गत किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से लगल थे रसीद नहीं कट रहा था, लेकिन शिविर में तत्काल तुरंत रसीद कट गया। इसी तरह सुनील ठाकुर ने बताया कि मेरे पिताजी के नाम से म्यूटेशन था, लेकिन रसीद नहीं कट पाया था। शिविर में अप्लाई किये तुरंत काम हो गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कई लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, जॉब कार्ड का वितरण, कई लाभुकों का पेंशन निर्गत किया गया। कंकारी में आयोजित शिविर में अवकाश रहने के कारण लोगों की भागीदारी काफी अधिक देखी गयी। सबसे अधिक भीड़ स्वास्थ्य जांच काउंटर,आधार काउंटर व अबुआ आवास के काउंटर पर देखी गयी।

### दावा : 2024 में झारखंड में भाजपा बनायेगी पूर्ण बहुमत की सरकार : विधायक

# चार सालों में हेमंत सरकार ने नहीं पूरी की एक भी चुनावी घोषणा: अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को सम्मानित करती प्रथण महापौर अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से मेदिनीनगर जिला कार्यालय में रविवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम और संचालन जिला महामंत्री सतीश पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। सर्वप्रथम भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक द्वारा अमर बाउरी को सम्मानित किया गया। इसके बाद रामेश्वर राम, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात कुमार भुइयां, ममता भुइयां, लवली गुप्ता, मीना गुप्ता, रेणु देवी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह आदि ने एक-एक कर नेता प्रतिपक्ष को सम्मानित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी हेमंत सरकार पर जमकर बरसे। आरोप लगाया कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने एक भी चुनावी वादा आज तक पूरा नहीं किया है। 28 दिसंबर को सरकार के चार साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। इसे लेकर प्रदेश की जनता में आक्रोश है। इस दौरान पांच लाख नौकरी देने, सात हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने, तीन लाख रुपये का आवास देने, अनुबंध कर्मियों को स्थायीकरण करने सहित 1932 के खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाकर बहाली करने आदि वादे किये थे, जिसे आज तक पूरा नहीं किया। पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता के आक्रोश का नेतृत्व भाजपा करेगी और चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंका जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो भी बुनियादी विकास हुए हैं, वह भाजपा की देन है। पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में ही रोड, पुल-पुलिया का जाल बिछाया गया था। मौजूदा सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाले हुए हैं। केंद्रीय एजेंसियां इसकी जांच कर रही है। जांच की आंच हेमंत सोरेन तक पहुंच चुकी है।

वहीं, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि विधि व्यवस्था आकंठ भ्रष्टाचार के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गयी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और समर्थन के गंभीर आरोप लग रहे है। सुलभ उपलब्ध बालू को सोना बना दिया गया हैं। यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का खुलेआम उल्लंघन करने लगे, तो आम जनता से कानून का पालन करने की बात यह सरकार कैसे कर सकती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में हम 400 सीट जीतेंगे और आगामी विधानसभा में 60 सीट जीत कर झारखंड में पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनायेंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे विनोद सिंह, रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह, अजय तिवारी, जितेंद्र तिवारी, अजीत सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मनोज दूबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, विशाल दूबे, राकेश तिवारी, प्रदीप पासवान, सुजाता सिंह, मुन्ना पासवान, सोनू मालिक आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा का अलख जगाने के प्रति समर्पित थे सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल: पंचम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** जो बसते हैं दिल में लोगों के, वो जाकर भी कहीं न जाते हैं, ऐसे थे आर्किटेक्ट सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल। सड़मा, छतरपुर के जमींदार, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के संस्थापक, शैक्षणिक उत्थान व कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, महान विचारक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। बतातें चलें कि वर्ष 2008 में सड़मा के जिस स्थान पर कभी नक्सलियों का डेरा लगता था वहां अब विद्यार्थियों का मेला लगता है। विद्यार्थियों का मेला लगाने वाले, शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले छतरपुर को शिक्षा का हब बनाने में सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का बहुत बड़ा योगदान रहा है मैं समझता हूं कि उनके जैसा कोई इंसान विरले ही जन्म लेते हैं। सड़मा, छतरपुर जैसे अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपना खानदानी जमीन का लगभग 32 एकड़ जमीन को ट्रस्ट में डोनेट कर तीन - तीन कॉलेज को स्थापित कराया एवं छतरपुर का गौरव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाई। सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल शैक्षणिक उत्थान के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। वे अंतिम समय में भी अपने संस्थान के बारे सोचते रहे एवं इसे शीर्षत्तम स्थान तक ले जाने के लिए संघर्षरत रहे । वर्ष 2008 में जब छतरपुर ग्रामीण अंचल में मैट्रिक के बाद कोई शिक्षण संस्थान नहीं था तब उन्होंने अपने बलबूते पर इंटर एवं डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति जलाकर अपने क्षेत्रवासियों को शिक्षित करने का पुनीत कार्य किया है। वे संस्थान के हित में दिन रात काम करने वाले तथा एक अनुशासन प्रिय व्यक्ति के साथ एक जीवंत उदाहरण थे। इनके साहसिक कार्यो को लोग युगों - युगों तक याद करेंगे। छतरपुरवासियों ने शिक्षा की क्रांति लाने के लिए उन्हें बहुत प्यार और स्नेह दिया।

## कभी न थके कभी न हारे वह है मिशन समृद्धि संस्था



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू मिशन समृद्धि संस्था में सशक्त और हमेशा अपने कार्यों को गति प्रदान करने वाली संस्था मानी जाती है। समृद्धि की रोटी अभियान, समृद्धि की पाठशाला, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य करना ये मिशन का लक्ष्य है। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी का भरपूर वितरण किया गया। ये सभी लोग बहुत ही नम्र और इमानदार हैं। अपने पेशे से प्यार और पलामू के पारंपरिक हूनर को जिन्दा रखे हुए हैं। इसलिए इनके प्रति हमारी जिम्मेदारी भी होती है जिसे मिशन समृद्धि संस्था निर्वाहन करने की कोशिश में लगी रहती है। जाड़े में कंबल का वितरण यह संस्था यहीं से शुरू कर गांवों तक पहुंचती है। मेदिनीनगर के सभी आदरणीय नागरिकों का जिनका सहयोग निरंतर मिलता है उनका अभिनंदन।

## सिमरन एवं कीर्तन का आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने परिवार विछोड़ा दिवस मनाते हुए संध्या को सिमरन और कीर्तन का कार्यक्रम रखा। जो गुरुद्वारा साहिब की छत पर खुले आकाश के नीचे निशान साहब के पास में संपन्न हुआ। इसके बारे में जानकारी देते हुए इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि पौस की रात की 6 तारीख से 13 तक अर्थात 20 से 27 दिसंबर तक सिख धर्म के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह का संपूर्ण परिवार धर्म और देश के लिए शहीद हो गया। इस दौरान विस्तार से पूरी जानकारी दी गई।

## हुसैनाबाद के ऋषिकेश बने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** ऑल इंडिया कांग्रेस के संगठन विस्तार में पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद क्षेत्र के निवासी ऋषिकेश सिंह को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रवक्ता बनाये जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी हैं। ऋषिकेश सिंह ने रांची विश्वविधालय से छात्र राजनीति की शुरूआत की एवं झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष बने। इसके बाद सबसे ज्यादा मतों से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने और पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3500 किमी की पैदल यात्रा कर चर्चा में रहें। वर्तमान में ऋषिकेश सिंह को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश का प्रवक्ता बनाया गया। इससे पूर्व ऋषिकेश झारखंड कांग्रेस के वाररूम में चुनाव प्रचार का संयोजक भी रह चुके हैं। उन्हें बधाई देते हुए हुसैनाबाद के कांग्रेस नेता व प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि यह हमलोगों के लिए गर्व का विषय हैं। कांग्रेस आलाकमान ने एक साधारण युवा को इतने बड़े पद पर नियुक्त किया हैं। बधाई देने वालों में प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव हसनैन जैदी, नवल किशोर पाठक, मसरूर अहमद, गुप्तेश्वर पांडेय, लल्लू सिंह, शंभु सिंह, अवधबिहारी सिंह, अर्जुन सिंह, रंजीत पासवान, मोजीबुद्दीन खान उर्फ गुड्डू, नदीम खान, कमल पासवान, महताब खान, फिरोज खान, अरशद हुसैन आदि थे।

## अनुसूचित जाति के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हेमंत सरकार: अजय भारती

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड में हेमंत सरकार अनुसूचित जाति के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उक्त आरोप बहुजन समाज पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अजय भारती ने लगाया। वे रविवार को फोन बातें करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जिला पुलिस बल की बहाली से हेमंत सरकार द्वारा पलामू सहित कई जिलों में अनुसूचित जाति को नजरअंदाज कर दी गई है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या- 6855 दिनांक 8 दिसंबर 2023 द्वारा अग्रसारित गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक- 5713 दिनांक 4 दिसंबर 2023 द्वारा जिला स्तरीय आरक्षी संवर्ग अंतर्गत आरक्षी की रिक्तियों के नियुक्ति के लिए उक्त प्रपत्र में झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें पलामू, गोड्डा, गुमला, दुमका, सरायकेला, साहेबगंज, रांची, जामताड़ा, सिमडेगा, रामगढ़ आदि जिले में अनुसूचित जाति को नजरअंदाज कर दिया गया है। जबकि झारखंड में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 11 और पूरे पलामू में करीब 42 प्रतिशत है। अजय भारती ने हेमंत सरकार को पुनः विचार करने की बात कही। कहा कि सरकार इस पर विचार नहीं करने पर दलित समाज और बहुजन समाज पार्टी आंदोलन करेगी। जरुरत पड़ी तो न्यायालय का भी दरवाजा खटखटायी जाएगी।

## विश्रामपुर के दो खिलाड़ी ने जीता दो रजत व दो कांस्य पदक

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन चैंपियनशिप जीएलएल कॉलेज के खेल मैदान में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें विश्रामपुर परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी के दो खिलाड़ियों ने दो रजक व दो कास्य पदक अपने नाम किया। परफेक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने बताया कि पलामू के जीएलएल कॉलेज स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन खेल का आयोजन किया गया। जिसमे 14-16 दौड़, 60 व 600 मीटर ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट 3 किग्रा व 4 किग्रा के खेल में विश्रामपुर परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी से कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। जहां दो खिलाड़ियों ने दो रजक तथा दो कास्य पदक जीता। इस जीत पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन पलामू के सचिव संजय कुमार और कमला दूबे सहित कई लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# मानसिक विकास के लिए शिक्षा व शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी : एनके तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर व पाटन शाखा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन आउट डोर और दूसरे दिन इंडोर खेल प्रतियोगिता हुआ। जिसमें कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, लूडो, बैडमिंटन, थ्रो बॉल, बास्केट बॉल, कबड्डी, बॉली बॉल, म्यूजिकल चेयर सीट, स्पून मार्बल सहित दर्जनाधिक खेल को शामिल किया गया था। दो दिवसीय प्रतियोगिता में यूकेजी से लेकर कक्षा 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने क्षमता व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विजयी प्रतिभागियों के बीच स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक एनके तिवारी व उप निदेशक पूनम तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। निदेशक एनके तिवारी ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित होता है। इसलिए खेल को शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। प्राचार्य आर के सिंह ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं। इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल शिक्षक अवनीश चौबे की भूमिका सराहनीय रही। मौके पर शिक्षिका निधि राय, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैतिक कुमार, हिमांशु कुमार आदि थे।





















### प्रदूषण के खिलाफ मंथन में संवैधानिक रूप से अधिकारियों को घेरने का मंत्र दे गये जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक

# पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का कराना होगा अहसास: सरयू राय

**- प्रदूषन के खिलाफ लड़ाई में आगे की रणनीति को लेकर मंथन का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



झरिया प्रेस क्लब में हुई बैठक में अपना विचार रखते विधाय सरयू राय व अन्य।

**झरिया।** प्रेस क्लब सभागार में सामाजिक संस्था ग्रीन लाइफ और यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त नेतृत्व में झरिया में वयाप्त वायु प्रदूषण विषय पर रविवार को मंथन नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू रॉय, पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी बिजय झा, झरिया विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय मुख्य रूप से शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक सरयू रॉय ने पिछले दोनों संस्थाओं द्वारा रन फॉर क्लीन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पीठ थपथपाया। इसके बाद कहा कि प्रदूषण की समस्या को लेकर अब यहां के लोग जागरूक हो गए हैं। अब हमें संबंधित पदाधिकारियों को संवैधानिक तरीके से घेरने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम में बैठे प्रबुद्ध नागरिकों से कहा कि सबसे पहले आप एक-एक चीज को परिभाषित कीजिये की किन-किन कारणों से प्रदूषण हो रहा है। अगर ओबी से प्रदूषण हो रहा तो इसकी जिम्मेवारी बीसीसीएल पर डालनी होगी। अगर पर्यावरण मंजूरी के लिए यहां के डीसी और एसडीओ की जिम्मेवारी तय करनी होगी। आप उन्हें अपने क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोटिस दीजिये। अगर 60 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होती है तो 61वें दिन सीजेएम कोर्ट में उनके खिलाफ क्रिमिनल कंप्लेन फाइल कीजिये। जब ऐसा 10-15 स्थानों से अलग-अलग लोग करेंगे तो उन अधिकारियों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने होंगें। संविधान ने हमें यह अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि आज ही मैंने यहां के डीसी से भी फोन पर इस मुद्दे पर बात की है। कहा है कि यहां जिस तरह का उत्पात हो रहा है अब लोगों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। लोग अब कानून का सहारा लेंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह से बीसीसीएल पर भी नकेल कसा जा सकता है। वहीं झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंघ के प्रतिनिधि केडी पांडेय ने कहा कि झरिया चारों ओर से आउटसोर्सिंग कंपनियों से घिरा हुआ है। यहां प्रदूषन के मुद्दे पर जब भी हमलोग बात किये तो हमेशा कहा गया कि स्प्रिंकलर मशीन आ रही है। खरीद लिए हैं। इससे सड़कों पर पानी का छिड़काव होगा। सड़कों से धूलकण उठाएंगे। पर मशीनें नहीं आईं। इधर, कुछ दिन पहले राजापुर में मशीन आयी भी तो वह ब्रेक डाउन होकर पड़ा हुआ है। कहा कि हमारे अभिभावक स्वरूप सरयू रॉय जी हमें जो भी दिशानिर्देश देंगे उसके अनुरूप लड़ाई को आगे ले जाएंगे। इस मौके पर डॉ नरेश प्रसाद, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, डॉ अनिल कुमार सिंह, ग्रीन लाइफ संस्था के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के संयोजक अखलाक अहमद, डॉ एस हैदर, शिवबालक पासवान, अरुण साव, दिलीप आडवाणी, मो इकबाल आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीएसआइआर-सीआइएमएफआर में स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन, पद्मश्री डॉ खादरवली ने रखे विचार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआइआर-सीआइएमएफआर) ने एक ज्ञानवर्धक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया, जिसमें पद्मश्री डॉ खादरवली, जिन्हें भारतीय बाजरा के संगीतान' के रूप में जाना जाता है शामिल हुए। इनके अलावा आईआरएस, सीआईटी (ए) संजय कुमार भी शामिल हुए। जिनका सीएसआईआर-सीआइएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने स्वागत किया। प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा ने पद्मश्री डॉ खादरवली का परिचय दिया, जिससे स्वास्थ्य में बाजरा के अद्भुत और दिलचस्प वार्ता के लिए मंच प्रस्तुत हुआ। इस ज्ञानवर्धन सत्र में डॉ खादरवली ने सभी महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें बाजरा के महत्त्व को बढ़ावा देने और आहारिक विकल्पों के आसपास जागरूकता फैलाने के महत्व को दर्शाया। उन्होंने पारंपरिक भारतीय खाद्यआदतों की वापसी के लिए बाजरा को एक समाधान के रूप में दिखाया। डॉ खादरवली ने स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में भूमि, मिट्टी और पानी के महत्त्व को उजागर किया और एक पूर्ण तांत्रिक उपचार की दिशा मे एक बदलाव की अपील की। बाजरा में मौजूद अद्भुत उपचार संभावना को बढ़ावा देते हुए, उन्होंने बाजरा को दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। लंबे समय तक बीमारी और उसके ठीक होने के अवधि के बीच संबंध को उजागर करते हुए, डॉ खादरवली ने रोग की अवधि के प्रभाव को बताया। सत्र को एक प्रश्नोत्तर सेगमेंट के साथ समाप्त किया गया, जिसमें सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

### तेलमोचो में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अंचल के तेलमोचो पंचायत में रविवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। जिला परिषद सदस्य आशा देवी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी, सीओ रवि भुषण प्रसाद, मुखिया मीरा कुमारी, विधायक प्रतिनिधी शिबु महतो ने शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान अबुआ आवास, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, छात्रवृत्ति के लिए आवेदन दिए। वहीं, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया गया। शिविर में कुल 988 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 887 आवेदनों का निष्पादन के लिए ऑनलाइन एंट्री किया गया। वहीं, शिविर में पहुंची माया देवी ने सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के लिए सेविका गीता कुमारी पर एक हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। माया ने पत्रकारों से कहा कि विगत एक वर्ष से वह इस योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर काट रही है। सेविका द्वारा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर एक हजार रुपये रिश्वत की मांग की गयी है। जब इसकी शिकायत शिविर में मौजूद सुपरवाइजर विनीता पोद्दार से की तो उन्होंने भी सेविका गीता कुमारी के माध्यम से ही आने की बात कही। वहीं इस मामले में सुपरवाइजर विनीता पोद्दार से बात करने पर उन्होंने कहा कि महिला का आवेदन मिला है। पर सेविका पर लगे आरोप के सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली।

### मैथन डैम में उमड़ी सैलानियों की भीड़



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नववर्ष का स्वागत और क्रिसमस का आनंद उठाने के लिए लोग कमर कसकर तैयार हैं। पिकिनिक स्पॉटों पर सैलानियों के जुटान शुरू हो गया है। रविवार को क्रिसमय की पूर्व संध्या पर मैथन डैम में सैलानियों की अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। डैम के गोगना स्पोर्ट्स हॉस्टल के इलाके में सपरिवार पिकनिक मनाने वालों का जुटान रहा। इसके अलावे नौका विहार, मिलेनियम पार्क वाले क्षेत्रों में भी सैलानियों का जमावड़ा रहा। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से सीआइएसएफ और होम गार्ड के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सीआईएसएफ जवानों द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। सैलानियों की संख्या देख अंदाजा लगाया जा रहा कि इस वर्ष काफी संख्या में क्रिसमस और नव वर्ष पर पिकिनिक मनाने के लिए लोगों का यहां जुटान होगा। नाविकों को नौका विहार के नियमों का सख्ती से पालन करवाते हुए निर्धारित समय पर 4.30 बजे बंद करा दिया गया। उधर, सैलानियों की भीड़ देख दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

## पीएम मोदी ने दिया 33 फीसदी महिला आरक्षण का लाभ : सांसद पीएन सिंह



**दीक्षा महिला मंडल के आनंद मेला का सांसद व बीसीसीएल सीएमडी ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय आनंद मेले का उद्घाटन रविवार को धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह और बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने संयुक्त रूप से किया। वहीं आनंद मेले में दिव्यांगों को व्हीलचेयर गरीब छात्रों को टैब एवं प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन एवं अन्य सामग्री निःशुल्क वितरण किया गया। आनंद मिले में कुल 80 स्टाल लगाए गए हैं जिसमें महिला समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी शामिल थे। पत्रकारों से बात करते हुए सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने बताया कि महिला समिति का कार्य सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित करवा दिया है और इसका लाभ आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। वहीं झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आनंद मेला की सराहना किया। बीसीसीएल सीएमडी की पत्नी मिली दत्ता ने बताया कि दीक्षा महिला समिति महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सदैव तत्पर रहती है। सालों भर उनकी एक्टिविटीज चलती रहती है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षित करना गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद करना, वृद्धा आश्रम महिलाओं और वृद्धो की सेवा करना, संस्था के प्रतिदिन के कार्यों में शुमार है। साथ ही दिव्यांगों को व्हील चेयर वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीक्षा महिला मंडली के उपाध्यक्ष पुरबिता रमैया, सुवर्णा कावले नमिता सहाय रंजना सिंह, नेहा दास एवं सेक्रेटरी पूर्णिमा गोयल निभा पांडे ने महत्वपूर्ण योगदान निभाया। आनंद मेला को सफल बनाने के लिए निदेशक पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया, डायरेक्टर फाइनेंस शाह, निदेशक टेक्निकल एके सिंह, इनमोसा के महासचिव कुश कुमार सिंह, वाईके सिंह एवं आदित्य दत्ता ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चौधरी चरण सिंह प्रधानमंत्री से ज्यादा खुद को मानते थे किसान व सामाजिक कार्यकर्ता: वीरेंद्र

**औरंगाबाद जिला कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेरमो।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ औरंगाबाद जिला कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता और संचालन नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद जिला के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैषी थे। गांव, गरीब और किसान के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले चौधरी चरण सिंह खुद को प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान व सामाजिक कार्यकर्ता मानते थे। किसानों के हित में उनकी कोशिश की सदैव सराहना हुई। भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चरण सिंह की व्यक्तिगत छवि एक ऐसे देहाती पुरुष की थी, जो सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखता था। भूमि हदबंदी कानून उनके कार्यकाल की प्रमुख विशेषता है। वे कांग्रेस और लोकदल के प्रमुख नेता थे। पूर्व सांसद ने कहा कि उनका ध्येय वाक्य था कि भारत के समस्त किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों। उनके दिल में किसानों के प्रति काफी हमदर्दी थी। वे हिन्दी, अंग्रेजी के साथ ही उर्दू के भी अच्छे जानकार थे। वहीं, औरंगाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर ही उनकी असली जयंती का फलाफल मिलेगा। इस मौके पर बारुण के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, युवा नेता पंकज मेहता, मिथिलेश मेहता, सुनील शर्मा, टेंगरा के पंचायत अध्यक्ष दुर्गा प्रजापति और बैरिया के उप मुखिया प्रमोद चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## उत्पादन में तेजी लाने की दिशा में काम करें अधिकारी: बी साईंराम

### सीसीएल के डीटी ने एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल मुख्यालय के डीटी (पीएंडपी) बी साईंराम ने सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) माइंस का रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, अमलो पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी आदि अधिकारी मौजूद थे। डीटी अमलो परियोजना के डिपार्टमेंटल एवं आउटसोर्सिंग माइंस सहित महादेव नाला स्थित गोल पहाड़ी मंदिर, ढोरी पांच नंबर रेलवे साइडिंग व क्रेशर का निरीक्षण कर जानकारी ली। क्रेशर के निरीक्षण के दौरान मशीन को देख अधिकारियों को फटकार लगायी। इसके बाद उन्होंने अमलो माइंस के व्यू प्वाइंट से माइंस का अवलोकन किया। साथ ही मैप देखकर जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों से कोयला एवं ओबी उत्पादन की जानकारी लेते हुए उत्पादन में तेजी लाने की बात कही। निरीक्षण के बाद पौधरोपण भी किया। मौके पर एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, सेफ्टी ऑफिसर गोपाल सिंह मीणा, क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उईके, एसओसी उज्जवल कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओएक्स यूके पासवान, एरिया सेल ऑफिसर बैजनाथ कुमार, पर्यावरण अधिकारी कुमार गौरव आदि अधिकारी मौजूद थे।

### बोकारो भाजपा कार्यालय में सैकड़ों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन, विधायक ने किया स्वागत

# परिंदा सिंह के भाजपा में शामिल होने से बोकारो क्षेत्र में पार्टी होगी और मजबूत : बिरंची नारायण

**मिलकर केंद्र की योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने और पहुंचाने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


बोकारो भाजपा कार्यालय पहुंचे परिंदा सिंह का स्वागत करते नेता-कार्यकर्ता।

**बोकारो।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव परिंदा सिंह ने कुछ दिन पहले ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में मुख्यालय पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया था। रविवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवसीय कार्यालय में विधायक बिरंची नारायण से औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान बोकारो विधायक की उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि परिंदा सिंह के भाजपा में आने से बोकारो विधानसभा क्षेत्र में पार्टी और मजबूत होगी। क्योंकि इनका स्वभाव सरल है। इनके आने से बूथ स्तर पर भाजपा और मजबूती से उभरेगी। हम सभी मिलकर भाजपा को शिखर पर पहुंचायेंगें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में आज झारखंड में बोकारो विधानसभा अव्वल है। वहीं, डॉ परिंदा सिंह ने कहा कि भाजपा मेरा पुराना परिवार है। मेरे ससुर स्व समरेश सिंह भाजपा से विधायक भी रहे और संगठन में अहम भूमिका भी निभाई। आज मेरा पुराने घर पर वापसी हुई। हम सभी मिलकर भाजपा को मजबूती प्रदान करेंगे। मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायेंगें। इस दौरान बनमाली दत्ता, संजय प्रामाणिक, देबू पाल, लालमोहन शर्मा, अंबुज मंडल, मिहिर महतो, मोतीलाल गोराई, अक्षय मिश्रा, आकाश प्रामाणिक, मो पिंटू, सुरजीत मोदी, चिंतो मोदक, विष्णु हलदर, नंददूलाल मोदक, मीना देवी, बबलू दे, मंटू दे, राहुल ठाकुर, उत्तम ठाकुर, रीना सिंह, पुष्पा मंडल, प्रेमलता कुमारी, सीमा सिंह, सरिता सिंह, ममता कुलकर्णी, सरोज सिंह और शिवानी आदि ने भाजपा का दामन थामा। मौके पर पार्टी के जिला महामंत्री संजय त्यागी, केके बोराल, सुनील गोस्वामी, सुजीत चक्रवर्ती, हरीश सिंह, टिंकू तापरिया, पन्नालाल कान्दू, अनिल सिंह, विनय किशोर, सनातन सिंह, मोहन गोराई, मनीष पांडेय, अविनाश झा, जितेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र साव, झंतु दे और प्रकाश प्रामाणिक आदि मौजूद थे।

## 156 टन अवैध कोयला लदे 11 वाहन जब्त

**जिला खनन टास्क फोर्स ने निरसा के सपन गोराई, संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारी, ट्रक के चालक एवं मालिक सहित 7 के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला एवं बालू के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार की रात गोविंदपुर, निरसा, बरवाअड्डा व बलियापुर में बड़े पैमाने पर छापामारी अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे 11 वाहनों को जब्त किया है। जिसमें लगभग 156 टन अवैध कोयला लदा था। मामले में निरसा में 3, बरवाअड्डा में 2, बलियापुर में 1 एवं गोविंदपुर में एक व्युक्ति पर एफआईआर दर्ज की गई है। निरसा के सपन गोराई, संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारी सहित ट्रक के चालक एवं मलिक पर प्राथमिक दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, एसडीए उदय रजक, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय, डीटीओ राजेश कुमार सिंह, माइंस इंस्पेक्टर विनोद प्रमाणिक के अलावा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। इस बाबत डीसी ने बताया कि जिले में कोयला, बालू तथा अन्य खनिज के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार औचक छापामारी अभियान जारी रहेगा।

### भाटडीह भी छापामारी मिला खुला मुहाना

डीसी के निर्देशानुसार बाघमारा अंतर्गत महुदा क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ एसडीएम के नेतृत्व में महुदा इलाके में भी अवैध खनन स्थलों पर छापामारी की गई। इस दौरान बाघमारा सीओ, स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ की टीम सहित वन विभाग के पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसडीएम उदय रजक ने बताया कि छापामारी के दौरान अवैध खनन का खुला मुहाना पाया गया। साथ ही लगभग 1000 से अधिक बोरे में अवैध कोयला पाया गया, जिसे सीआईएसएफ को सौंप दिया गया है। वहीं जिस स्थान पर अवैध कोयला पाया गया उस जमीन के मालिक एवं अन्य संबंधित पर एफआईआर की कार्रवाई भाटडीह ओपी में की जा रही है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो गया भव्य श्रीराम मंदिर

## ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीरें जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** रामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीरें जारी की हैं। राममंदिर का भूतल तैयार हो चुका है। राम मंदिर की सीढ़ियां भी बन गयी हैं। सीढ़ियों के दोनों तरफ रेलिंग लगा दी गयी हैं। कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। कुबेर टीला के सुंदरीकरण का काम भी तेजी से चल रहा है। यहां प्राचीन शिवालय का भी सुंदरीकरण लगभग पूरा हो चुका है। परकोटे में भगवान शिव व गणेश के मंदिर को आकार दिया जा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में विशिष्ट मेहमान आएंगे। अयोध्या महोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र के अपमान का परिमार्जन है। हिंदुस्तान के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आयु 1000 साल की होगी। इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है। राष्ट्र के सम्मान का मंदिर है। 10 करोड़ लोगों ने निर्माण के लिए योगदान दिया है। करोड़ों लोगों के परिश्रम से निर्मित हो रहा है। राम मंदिर की आयु 1000 साल होगी।



### उद्घाटन समारोह के लिए विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा नेपाल, जनकपुरधाम से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा

**काठमांडू।** नेपाल अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों से युक्त विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा। स्मृति चिह्न देने के लिए जनकपुरधाम-अयोध्याधाम यात्रा आयोजित की जायेगी। जानकी मंदिर के संयुक्त महंत राम रोशन दास वैष्णव ने बताया कि 18 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा 20 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी। उसी दिन स्मृति चिन्ह श्री राम जन्मभूमि राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिये जायेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा।

**इस मार्ग से अयोध्या पहुंचेगी यात्रा :** जनकपुरधाम से यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढीमाई, बीरगंज होते हुए बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी। खबर में कहा गया है कि इससे पहले नेपाल में कालीगंडकी नदी के तट से एकत्र किए गए शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की प्रतिमा बनाने के लिए अयोध्या भेजा गया था, जिन्हें उमंदिर में स्थापित किया जायेगा।


**श्रीराम के ससुराल के महंत को मिला निमंत्रण :** भगवान श्रीराम के ससुराल नेपाल में जनकपुर स्थित जानकी मंदिर के महंत को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था। राम रोशन दास ने बताया कि वैदिक संस्कृति का पालन करते हुए तैयारियां की जा रही हैं। दास ने कहा कि मिथिला और अयोध्या का अनोखा रिश्ता है। हमने वहां जाने की तैयारी शुरू कर दी है। हम भार को भी अयोध्या ले जायेंगे।

**अयोध्या में 22 जनवरी को उतरेंगे 100 विमान :** त्रेता युग में जिस तरह रावण का वध कर लंका से भगवान राम पुष्पक विमान से लौटे थे, कुछ ऐसा ही नजारा 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में देखने को मिलेगा। इस आयोजन के दिन देश-विदेश से 100 से अधिक विमानों से विशिष्ट मेहमानों के अयोध्या के मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की संभावना है। इनके अलावा वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर में भी वैकल्पिक इंतजाम किये जा रहे हैं।

# भारतीय नौसेना में शामिल होगा गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर इंफाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय नौसेना मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में अपने नवीनतम स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इंफाल' को शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 26 दिसंबर को इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसे भारतीय नौसेना का इन-हाउस संगठन युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित गया है और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित किया गया है। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी।



### बंदरगाह और समुद्र में किया गया परीक्षण

इंफाल पहला ऐसा युद्धपोत है, जिसका नाम उत्तर-पूर्वी शहर के नाम पर रखा गया है। इसे 16 अप्रैल 2019 को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी और राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और समृद्धि के लिए इसके महत्व प्रकाश डाला था। 'इंफाल' का बंदरगाह और समुद्र में परीक्षण किया गया था, जिसके बाद इसे 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इसके बाद, नवंबर 2023 में इस पर लंबी दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।

### अत्याधुनिक युद्धपोत

नौसेना के बेड़े में इंफाल एक अत्याधुनिक अतिरिक्त युद्धपोत है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और एमडीएल द्वारा निर्मित किया गया है, जिसमें एमएसएमई और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## भुवनेश्वर दूरदर्शन केंद्र से आज सुबह के समाचार प्रसारण की अवधि 30 मिनट

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मंजूरी से 25 तारीख को महान नायक एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर भुवनेश्वर दूरदर्शन केंद्र से सुबह के समाचार प्रसारण की अवधि 15 मिनट से बढ़ा कर 30 मिनट की जा रही है। दिसंबर (सोमवार) यानी सुबह की खबरें 8 घंटे से 8 घंटे 30 मिनिट तक प्रसारण किया जायेगा।




# एनटीपीसी बोंगाईगांव को मिला कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने हाल ही में 20 दिसंबर को भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह में 14वें राष्ट्रीय सुरक्षा कॉन्क्लेव में स्वर्ण श्रेणी में कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार वित्तीय वर्ष 2022 में कंपनी के सुरक्षा प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है। एनटीपीसी बोंगाईगाँव के महाप्रबंधक (रखरखाव) इंदुरी एस रेड्डी ने एनएससी के अध्यक्ष विनोद कुमार से यह पुरस्कार कोलकाता में स्थित जनरल पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वाणिज्य दूत झा लियु और आइक्यूएमइएस के सीइओ देबब्रत पाणिग्राही उपस्थिति में प्राप्त किया। मूल्यांकन प्रक्रिया में गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन सेवा संस्थान (आईक्यूईएमएस) द्वारा आयोजित ओडिशा और अन्य राज्यों के संगठनों ने भाग लिया। कलिंग सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार का उद्देश्य उद्योगों, खनन, निर्माण, बंदरगाहों, अस्पतालों और सेवा क्षेत्र पर लागू विभिन्न सरकारी अधिनियमों और नियमों के तहत एक संगठन द्वारा किये गये योगदान को मान्यता देना है। बाद में यह पुरस्कार श्री रेड्डी द्वारा यूनियन और एसोसिएशन के सभी सदस्यों और एचओडी की उपस्थिति में करुणाकर दास सीजीएम एनटीपीसी बोंगाईगांव को सौंपा गया। श्री दास ने क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा विभाग को बधाई दी।



# तालचेर थर्मल के आशालोक अस्पताल के मेगा स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल 23 दिसंबर को तालचेर थर्मल के आशालोक अस्पताल ने कलिंग अस्पताल भुवनेश्वर के सहयोग से तालचेर के संथपड़ा ग्राम पंचायत में एक व्यापक बहु-विशेषता मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में चिकित्सा, इएनटी, दंत चिकित्सा देखभाल, आर्थोपेडिक्स और स्त्री रोग बिसेसज्ञ सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को रक्तचाप, शर्करा स्तर, अस्थि मज्जा घनत्व मूल्यांकन और इसीजी परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गयी। यह शिविर का आयोजन अत्यधिक सफल साबित हुआ, जिसमें समुदाय के विभिन्न आयु के 500 से अधिक रोगियों सामिल हुए थे। उद्घाटन समारोह में आशालोक अस्पताल टीटीपीपी की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भारती सिंह और संथपड़ा पंचायत के सरपंच उपस्थित थे। शिविर ने संथपड़ा और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**